26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 17 अप्रैल, 2026

अंक- 172 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# महिला आरक्षण कानून लागू, देर रात नोटिफिकेशन जारी

## थरूर बोले- आबादी बढ़ाने वाले राज्यों को ज्यादा सीट देना इनाम जैसा

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** लोकसभा में महिला आरक्षण को लागू करने और सीटों के परिसीमन के लिए तीन संशोधित बिलों पर आज लोकसभा में दूसरे दिन चर्चा जारी है। पहले दिन 13 घंटे चर्चा हुई। इस बीच सरकार ने गुरुवार देर रात महिलाओं को संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला 'महिला आरक्षण अधिनियम-2023' लागू कर दिया। नोटिफिकेशन के मुताबिक, यह कानून 16 अप्रैल 2026 से लागू हो गया है। इसे सितंबर 2023 में संसद के विशेष सत्र के दौरान पारित किया गया था। इसका मतलब है कि संसद में मौजूदा तीनों बिल पास न हों, तो भी लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों पर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। लेकिन यह आरक्षण 2024 की जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक परिसीमन होने के बाद 2034 से ही लागू होगा। महिला आरक्षण को 2029 के चुनाव से ही लागू करने के लिए तीन कानूनों में संशोधन जरूरी है। इन पर लोकसभा में चर्चा जारी है, शाम 4 बजे वोटिंग होगी।



विपक्ष का आरोप है कि जब संसद में महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम पर चर्चा हो रही है, तो कानून को इतनी जल्दी क्यों लागू किया गया। हालांकि नोटिफिकेशन में साफ किया गया है कि सरकार को कानून लागू होने की तारीख

### यह तमिलनाडु-केरल से अन्याय

तय करने का अधिकार है। राहुल गांधी लोकसभा में बोलेंगे, फिर अमित शाह जवाब देंगे। बिलों पर शाम 4 बजे वोटिंग होगी। इस बीच विपक्ष की संसद परिसर में बैठक हो रही है। इसमें खड़गे, राहुल समेत कई नेता मौजूद हैं। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा- आरक्षण चाहिए तो अभी लाइए। आप 50 प्रतिशत आरक्षण ले आइए इसके लिए परिसीमन की जरूरत नहीं है। इसके लिए नौटंकी करने की जरूरत नहीं है। हम सब राजी हैं, मगर आपके अंदर हिम्मत नहीं है। दरअसल आप अपनी पार्टी में नहीं करना चाहते। भाजपा में कुल 242 सांसद हैं महिला सिर्फ 41 हैं। राज्यसभा में 106 और महिला सिर्फ 18 सांसद हैं।

# हरिवंश तीसरी बार उपसभापति बने



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। राज्यसभा में आज एक ऐतिहासिक घटना दर्ज हुई। पहली बार किसी मनोनीत सांसद को उपसभापति पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जिम्मेदारी हरिवंश नारायण सिंह को मिली है, जिन्हें हाल ही में द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरिवंश को राज्यसभा के उपसभापति के रूप में तीसरी बार चुने जाने पर बधाई दी। बधाई संदेश में जेपी से लेकर चंद्रशेखर तक का जिक्र पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में आपातकाल जैसे निर्णयों का मुखर विरोध करने वाले बिहार के जननेता के तौर पर लोकप्रिय रहे जयप्रकाश नारायण (जेपी) का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'हरिवंश जी का जन्म जेपी के गांव में हुआ है'। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का भी जिक्र किया। बतौर लेखकर हरिवंश के जीवन का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज उनकी जयंती के दिन तीसरे कार्यकाल के निर्विरोध चुना जाना इस अवसर को खास बनाता है। ।

### शोक सन्देश ।। ओ३म् ।। शोक सन्देश



अत्यन्त दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी

**श्री मा. सरदार सिंह जी**

का स्वर्गवास दिनांक 9 अप्रैल 2026 दिन बृहस्पतिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

अत: 19 अप्रैल 2026 दिन रविवार को श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी हमारे निज निवास पर सम्पन्न की जायेगी।

**ब्रह्मभोज दोपहर 11 बजे /रस्म पगड़ी दोपहर 2 बजे**

**स्थान- ग्राम मुस्सेपुर, पो. मण्डावली, जनपद बिजनौर**

-: शोकाकुल परिवार :-

मा. करतार सिंह, बलबीर सिंह, रतन सिंह, रूप सिंह, बाबू सिंह, डॉ. अजयवीर सिंह (भाई) अवधेश कुमार, अतुल राज, भोजराज सिंह (पुत्र)

सम्पर्क सूत्र - 9927926718, 9639537787

### मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं तेज

उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने संगठन से लेकर सरकार तक में बड़े फेरबदल की तैयारी कर ली है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात के बाद यूपी के राजनीतिक कॉरिडोर में योगी के मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा तेज हो गई है। बिहार के सियासी इतिहास में पहली बार बीजेपी अपना मुख्यमंत्री बनने के बाद अब उत्तर प्रदेश में भी संगठन और मंत्रिमंडल विस्तार की प्लानिंग कर ली गई है। गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महमंत्री धर्मपाल सिंह ने पहले राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ बैठक की और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ मुलाकात की।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE

इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती





डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# बार एसोसिएशन ने नजीबाबाद के सिविल जजों को दी भावभीनी विदाई

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** तहसील परिसर में सिविल जज जूनियर डिवीजन एकलव्य सरोज व अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन नजीबाबाद शालिनी देवी का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नजीबाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कसीम अहमद एडवोकेट व महासचिव नदीम अहमद अंसारी ने दोनों सिविल जजों का फूल मालाओं से स्वागत किया। विदाई समारोह में आरिफ कफील, धर्मेंद्र यादव, निसार अहमद, मोहम्मद सुहेल, कुलदीप जाखेटिया, ज्ञानेंद्र सिंह जंघाला, अशोक तोमर, शाह फैसल, नवाब आलम, इसरार अहमद, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद सैफ, अनीस अहमद, जावेद कमर सिद्दीकी, विजय शर्मा, जाफिर हुसैन, विजेंद्र चौहान, नवाब शराफत, शादाब, योगेंद्र चौहान, मोहम्मद राशिद, खुर्शीद आलम, इरशाद अहमद, इफ्तेखार अहसन, अशोक तोमर, मोहम्मद मौअज्जम खां, लेखराज, कुलवंत सिंह, कामेंन्द्र सिंह, अमरीक सिंह, मोहम्मद हारून, तेज प्रताप, देव प्रताप, धीरेंद्र सिंह, इंतजार कुरैशी, शकील अहमद, मोहम्मद इब्राहीम, अजय पाल सौदाई, इकराम अहमद कुरैशी, नसीम अहमद, फरमान अंसारी, रिजवान अंसारी, मोहम्मद असद मंसूब, महबूब आलम, कुलदीप कश्यप, मोहम्मद, आजम कुरैशी, कुलदीप शर्मा, रवि शंकर नायक, संजय कुमार, नसीम मंसूरी, अनुराग सलवान, जितेंद्र राजपूत, इरशाद अहमद, मोहम्मद आदिल, फहद मोहम्मद कलीम, मोहम्मद फैज अंसारी, मोहम्मद राशिद, गीता, शिवानी, राज किरण, अमित शर्मा, अतिकुर्रहमान, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद अनीस, लोकेंद्र चौहान, मोहम्मद आदिल, हिमांशु, मोहम्मद यामीन, आसिफ हुसैन, नंदराम सिंह, दिलशाद अहमद, मोहम्मद, अकरम, मोहम्मद बिलाल, मीडिया प्रभारी फहीम खुर्शीद आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कसीम अहमद एडवोकेट व संचालन जावेद कमर सिद्दीकी ने किया।



दोनों सिविल जजों को विदाई देते नजीबाबाद के अधिवक्ता।

# अग्निशमन विभाग ने विद्यार्थियों को दिया आग से बचाव का प्रशिक्षण

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मूलचन्द अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजीबाबाद में अग्निशमन विभाग की ओर से प्रशिक्षण शिविर लगाया गया, जिसमें कक्षा 11 से 12 तक के सभी बच्चों को आग से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया तथा निबंध प्रतियोगिता भी कराई गई। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जेबा, जाकिर, द्वितीय शीतल व तृतीय स्थान आलिया फातिमा ने प्राप्त किया। शिविर में अग्नि शमन अधिकारी केएस. जादौन ने प्रशिक्षण के मध्यम से बच्चों को आग को बुझाने, पानी के दुरुपयोग, विद्यालय अनुशासन एवं स्वयं में प्रतिभा जगाना आदि विषय पर विस्तारपूर्वक समझाया। प्रशिक्षण शिविर में असलम खान, राकेश सिंह राणा एवं संजीव कुमार अग्निशमन टीम के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट, उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनिता सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।




# वालिया ग्लोबल एकेडमी में आग से बचाव शीर्षक पर निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के वालिया ग्लोबल एकेडमी में अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आग से बचाव के उपाय शीर्षक के अन्तर्गत निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नजीबाबाद फायर स्टेशन के प्रभारी कनहीं सिंह जादौन ने कहा कि आग की रोकथाम के लिए हम सबको एक साथ आना चाहिए। जितने अधिक आग से बचाव को लेकर हम जागरुक होंगे, उतनी ही अधिक आग से हम अपनी सुरक्षा कर पायेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनिता सिवाच ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को आग से बचाव के उपाय पर निबंध लिखने एवं सुंदर पोस्टर बनाने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने फायर स्टेशन नजीबाबाद के अग्निशमन कर्मियों संजीव, नीरज कुमार, विजय कुमार, अमरनाथ, राकेश कुमार व प्रभारी केएस जादौन को सम्मानित करते हुए गमले में लगा पौधा भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शैली शर्मा एवं छात्राओं तनिष्का व कोपल भाटिया ने किया। विद्यालय की प्रबंध समिति की ओर से अश्विन वालिया ने सबका आभार व्यक्त किया।



# इमाम के बेटे ने राबते के इम्तिहान में अव्वल पोजीशन हासिल की

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुनीरगंज स्थित कोल्हू वाली मस्जिद के पेश इमाम मौलाना इम्तियाज अहमद कासमी के बेटे मोहम्मद ने राबते के इम्तिहान में अव्वल पोजीशन हासिल की। ग्राम कनकपुर निवासी पेश इमाम मौलाना इम्तियाज अहमद कासमी के बेटे मदरसा इस्लामिया अरबिया इमदादुल उलूम मौहल्ला मुगलूशाह के तालिब ए इल्म मोहम्मद ने राबते के इम्तिहान में 100 में से 100 नम्बर हासिल कर अव्वल पोजीशन हासिल की। मौहम्मद के राबते के इम्तिहान में अव्वल पोजीशन हासिल करने पर डॉ. शाकिर खान, मास्टर दिलदार अहमद, गुलजार सैफी ठेकेदार, पूर्व सभासद इरशाद अहमद, हसीनुद्दीन उर्फ कक्कू भाई, अख्तर सैफी, जियाऊद्दीन अंसारी, शादाब जफर ने बच्चे के रोशन मुस्तकबिल की दुआएं दी हैं।



ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# बजरंग दल ने प्रदर्शन कर फूंका लव जिहाद का पुतला



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बजरंग दल बिजनौर ने आज देश में बढ़ती विकृत जिहादी मानसिकता, अवैध कब्जों एवं देश के विरुद्ध सुनियोजित षडयंत्रों के विरोध में प्रदर्शन कर पुतला फूंका। बजरंग दल कार्यकर्ता आदमपुर स्थित विश्व हिन्दू परिषद कार्यालय पर इकटठा हुए और वहां से प्रदर्शन करते हुए शक्ति चौक पहुंचे, जहां मानव श्रृंखला बनाकर लव जिहाद का पुतला दहन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा गया, जिसमें लव जिहाद, हिन्दू कन्याओं का शारीरिक शोषण, अल फलाह यूनिवर्सटी का आतंकी कनेक्शन, अवैध लैंड जिहाद को रोकने की मांग की गई। इस अवसर पर बजरंग दल के विभाग संयोजक शिवम वर्मा, विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सहमंत्री जितेन्द्र चौधरी, विहिप के विभाग मंत्री मनोज शर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, जिला मंत्री सौरभ शर्मा, जिला संयोजक अरुण चौधरी, सह संयोजक नवदीप, शिवाकर त्यागी, स्पर्श चोपड़ा, रजत चौधरी आदि मौजूद रहे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## राकियू का धरना का 14वें दिन जारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय पर राष्ट्रीय किसान यूनियन का धरना जारी है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अधिशासी अभियंता ने समस्या के समाधान के लिए उन्हें 14 दिन का वक्त दिया था, जो आज समाप्त हो गया है। समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 18 अप्रैल को लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में तालाबंदी कर आंदोलन को तेज करेंगे। बता दें कि राष्ट्रीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मंडावर-बादशाहपुर मार्ग पर कुछ दबंगों द्वारा पाइपलाइन को बिछा दिया गया है। जिसे वह उखाड़वाने की मांग कर रहे हैं। विभाग के अधिकारी जांच में आरोपों के सही पाए जाने के बाद भी समस्या का समाधान करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। न तो पाइपलाइन उखाड़ रहे हैं, और न ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं । जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद है। धरने में विनीत चिकारा, अर्जुन सालान, रजत मलिक, हुकम सिंह, जयप्रकाश चौधरी, वसीम अहमद, सबलू प्रधान, अमित राणा, करणवीर सिंह, रियासत अली, फरमान अली, विजेंद्र सिंह, सुनील तोमर, मेहुल लांबा आदि शामिल रहे।

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ

1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## अमीरों का साम्राज्य और भूख

सोवियत संघ के विघटन तथा विश्व समाजवादी व्यवस्था के पतन के साथ ही दुनिया भर में गालियों का अम्बार ढो रहे कम्युनिस्टों की अनेक बातें भले ही गलत साबित हुई हों, पर दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र अमरीका और यूरोप तक में अभूतपूर्व आर्थिक संकट के बावजूद तंत्र पर हावी अमीरों का तो कुछ नहीं बिगड़ा, लेकिन अमीर समझे जाने वाले इन देशों में भी गरीब त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। उनका गुस्सा भले ही तंत्र को उखाड़ फेंकने के लिए न हो पर 'वालस्ट्रीट आक्युपाई' जैसे आंदोलनों और आये दिन हड़तालों के माध्यम से फूटता रहता है। इस स्थिति को रेखांकित करने वाले केवल दो उदाहरण काफी होंगे। पहला, अमरीका और यूरोप में अनेक कंपनियां और बैंक आदि दीवालिया हो गये, जिनमें आम लोगों का तमाम पैसा डूब गया, पर इन कंपनियों को चलाने वाले निदेशकों के वेतन-भत्तों में अंतिम दिन तक बढ़ोत्तरी ही हुई। दूसरा, भूख लगभग सभी देशों में बढ़ रही है। अमरीका में इसने 14 साल का रिकार्ड तोड़ दिया है और वहां हर दस अमरीकियों में एक भूखा है तथा यूरोप में आज भूखे लोगों की संख्या 40 मिलियन का आंकड़ा पार कर गई है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र समझे जाने वाले भारत की हालत भी खराब है और वह मुट्ठी भर लोगों को अमीर बनाने के रास्ते पर अपनी जनसंख्या के ज्यादातर लोगों को निरन्तर गरीब बना रहा है। जहां एक ओर भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच चोटी की अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गई है, वहीं देश की जनसंख्या का अधिकांश हिस्सा अपनी मूलभूत आवश्यकतायें भी पूरी नहीं कर पा रहा है। आर्थिक सुधार शुरू होने के दो दशकों बाद कम्युनिस्ट पार्टियों को छोड़ कर बाकी अधिकांश पार्टियां तंत्र पर हावी अमीरों की गुलाम बन चुकी हैं, या उसी प्रक्रिया में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

# क्या अबकी बार भद्र समाज भाजपा को मौका देगा?

पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों की बात की जाये तो सबकी नज़र बंगाल के चुनाव पर लगी हैं, जहां से लोकसभा की 42 सीटें और विधानसभा की 294 सीटें आती हैं, संख्या की दृष्टि से उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र के बाद सबसे अधिक हैं। गत चुनाव की भांति इस बार भी यहां मुख्य लड़ाई टीएमसी व भाजपा के मध्य ही है। कभी 60 वर्ष सत्ता में रहे कांग्रेस और बामपंथी दल पिछली बार मिलकर भी कोई सीट नहीं जीत पाए थे और इस बार भी मुख्य लड़ाई से बाहर हैं। ममता साम, दाम, दण्ड भेद अपनाकर ऐसा माहौल बनाना चाह रही हैं कि जिससे यह लगे कि ममता को चुनाव आयोग व केन्द्र सरकार दोनों मिलकर सत्ता से हटाना चाहते हैं, इसलिए वो एसआईआर का विरोध करने सुप्रीम कोर्ट तक चलीं जाती हैं, भले ही सुप्रीम कोर्ट ने उनके आरोप को सही नहीं माना हो। दूसरी ओर भाजपा भी पूर्व के सबसे बड़े राज्य में सरकार बनाने हेतु अमित शाह के नेतृत्व में पूरी ताकत के साथ उतर चुकी है।

इस बार का चुनाव पिछले चुनाव से काफी अलग है, जहां पिछली बार ममता सुवेन्दु अधिकारी को नंदीग्राम में जाकर चैलेंज दे रही थी, अबकी बार इसके उलट भाजपा ने उनके घर भवानीपुर में सुवेन्दु अधिकारी को उतारकर चैलेंज दे दिया है और ममता के उस सवाल का जबाब भी दे दिया है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा के पास मुख्यमंत्री का कोई चेहरा नहीं है।



इस बार एसआईआर से भी ममता परेशान हैं, क्योंकि काफी बड़ी संख्या में लगभग 89 लाख वोट कम हो गये हैं, जिनमें अधिकांश टीएमसी समर्थक वोट माने जाते हैं। ऐसा नहीं कि ममता को इसका ज्ञान न हो, इसलिए ममता एसआईआर का जितना विरोध कर सकती थीं उससे ज्यादा विरोध करने का प्रयास किया, परन्तु कामयाबी नहीं मिली, बल्कि नुकसान और हो गया। पूरे चुनाव में सुप्रीम कोर्ट की एन्ट्री हो गई। वोटर लिस्ट बनाने में अब ममता चुनाव आयोग पर भाजपा से मिले होने का आरोप भी नहीं लगा पा रहीं। उसके ऊपर मालदा की घटना ने उन्हें बैकफुट पर धकेल दिया है। राज्य प्रशासन की बागडोर भी चुनाव आयोग के हाथ में आ गयी, जिससे ममता के लोकल एडमिस्ट्रेशन की दखलंदाजी भी सरकार के हाथ से निकल गयी, जिसकी बड़ी भूमिका रहती थी। एसआईआर चुनाव परिणाम में सबसे बड़ा गेम चेंजर साबित हो सकती है।

2021 के बाद जिस तरह से ममता के करीबी भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए और बड़ी धनराशि छापे में मिली, उससे भी उनकी छवि प्रभावित हुई है ।

इसके अतिरिक्त संदेशखाली की घटना, वर्ष 2024 में आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज रेप-मर्डर केस, जिसमें एक महिला डॉक्टर की हत्या हुई और 2025 में एक 23 वर्षीय उड़ीसा की रहने वाली एमबीबीएस छात्रा के साथ कथित तौर पर गैंगरेप ने आमजन को दु:खी व आक्रोशित किया, उसका प्रभाव इस बार देखने को मिल सकता है।

इतना सब कुछ होने के बाद भी टीएमसी को जो मजबूत करता है, वो है ममता की जनकल्याण की योजनाओं का लाभार्थी वर्ग। ममता सरकार की लक्ष्मी भण्डार योजना अंतर्गत सामान्य महिलाओं 500 व अनुसूचित जाति/जनजाति महिलाओं को 1000 रूपए प्रतिमाह, कन्या श्री योजना बालिकाओं को बाल विवाह से रोकने एवं पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता। रूप श्री प्रकल्प गरीब परिवार की लड़कियों की शादी के लिए एकमुश्त 25,000 रूपए की सहायता, सबुज साथी अन्तर्गत छात्रों को साइकिल देना छात्रों को स्कूल जाने में सुविधा। इनसे महिलाओं और गरीब वर्ग में ममता का क्रेज बढ़ा है। इन योजनाओं के कारण भले ही राज्य की आर्थिक स्थिति खराब हुई और रोजगार के अवसर न बढ़ने से पलायन बढ़ा हो।

इतना सब के बाद भी बंगाल में सत्ता में पहुंचने के लिए उसके क्षेत्रीय, राजनैतिक व धार्मिक आबादी के आधार पर बंटे पांच क्षेत्रों की किसी भी दल को सत्ता में बैठाने में भूमिका रहती है। बंगाल के पूरे चुनावी परिदृश्य को समझने के लिए जरूरी है कि टीएमसी व भाजपा का क्षेत्रवार विश्लेषण-

**पहला क्षेत्र-** उत्तर बंगाल का क्षेत्र है, जिसमें दार्जिलिंग कूचबिहार, दिनाजपुर व अलीपुरद्वार शामिल हैं और 42 विधानसभा सीटें हैं, जहां भाजपा काफी मजबूत है। यह हिन्दू बहुल क्षेत्र है, जिसमें अनुसूचित जाति का राजवंशी समाज बहुत बड़ी संख्या में है। यह समाज अपने को बंगाल का मूल नागरिक मानता है और इस क्षेत्र में चुनाव पलटने की क्षमता रखता है, इनका झुकाव भाजपा की तरफ है, इसलिए भाजपा 2021 में बहुत मजबूत रही थी, इस बार भी उसके लीड लेने की सम्भावना है। मुस्लिम वोट यहां निर्णायक भूमिका में न होने के कारण टीएमसी की स्थिति कमजोर रहने वाली है।

**दूसरा क्षेत्र-** 43 सीटों वाला टीएमसी का गढ़ मालदा मुर्शिदाबाद रीज़न है। जहां पचास से साठ प्रतिशत मुस्लिम आबादी है। इस बार औवेसी हुमायूं कबीर मिलकर पूरा जोर इस रीज़न में लगा रहे हैं, जिसका असर अभी तो दिखाई दे रहा है, पर चुनाव तक रहेगा यह बड़ा सवाल है, यदि ये पांच से सात प्रतिशत भी वोट काटते हैं तो यह भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। यहां पिछली बार एक तरफा अधिकांश सीटों पर टीएमसी ने जीत हासिल की थी। कांग्रेस व बाम दलों का मुस्लिम वोट टीएमसी की ओर एक तरफा चला गया था।

**तीसरा व चौथा-** बंगाल में सरकार बनाने के लिए दो क्षेत्रों दक्षिण बंगाल (इस क्षेत्र में मुख्य रूप से हावड़ा, हुगली, मिदनापुर) 71 विधानसभा सीट और कोलकाता व शहरी क्षेत्र जहां 75 सीटें हैं, बढ़त लेना जरूरी है। इन क्षेत्रों में एक भद्र समाज के रूप में जाना जाता है, जिसमें मुख्य रूप से शिक्षित व उच्च मध्य वर्ग शामिल है। इस वर्ग में भी कायस्थों की संख्या ज्यादा है। यह राजनीति में अपनी विशिष्ट पहचान और पकड़ रखते हैं। 2021 में यह समाज भाजपा के मुकाबले टीएमसी के साथ ज्यादा रहा था। यह समाज हवा का रूख देखकर निर्णय लेने वाला रहा है। हमेशा सत्ता के साथ रहना पसन्द करता है। अभी तक यहां टीएमसी व भाजपा में कांटे की लड़ाई नज़र आ रही है। कोलकाता व शहरी क्षेत्र में टीएमसी मजबूत है। पिछले चुनाव में भाजपा टीएमसी के एक बड़े शिक्षित वर्ग में पैठ बनाने में तो कामयाब रही, पर सीटें जीतने ज्यादा कामयाब नहीं हुई। पांच वर्षों में जिस प्रकार के भ्रष्टाचार के प्रकरणों में बड़े टीएमसी के नेताओं की संलिप्तता पाई गई, 2024 में आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज रेप-मर्डर केस, उसके बाद 2025 में एक 23 वर्षीय एमबीबीएस छात्रा का गैंगरेप इस बार भद्र समाज का रुख भाजपा की ओर रहने की संभावना बढ़ी हुई।

**पांचवां क्षेत्र-** राड जंगलमहल का है, जिसमें पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम बर्धमानपूर्व बर्धमान, वीरभूम आते और 63 विधानसभा सीटें हैं। यह क्षेत्र 2016 व 21 में टीएमसी के साथ रहा तो 2019 में भाजपा के साथ। यदि वोटर राज्य सरकार की योजनाओं के आधार पर वोट डालता है और कांग्रेस व वामदल मजबूत होते हैं, तो टीएमसी बढ़त ले सकती है, जबकि केन्द्र सरकार की योजनाओं, विकास का अभाव, चुनाव और ऐन्टीइन्कम्बेसी भाजपा को बढ़त दिला सकती है। वर्तमान में भाजपा थोड़ा आगे नज़र आ रही है। चुनाव परिणाम इस बात पर भी निर्भर करेगा कि आम आदमी निडर और सुरक्षित रहकर वोट कर पाता है कि नहीं। यदि भद्र समाज का रूख भाजपा की ओर एक तरफा हो गया तो भाजपा सरकार बना लेगी अन्यथा ममता बनर्जी।

**-योगेन्द्र पाल योगी**

# पूर्ण गुणवत्ता के साथ हों विकास कार्य- प्रभारी मंत्री

## बिजली बिल शिकायतों की जांच, अवैध नर्सिंग होम पर कार्रवाई और स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के दिये निर्देश




**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास योजनाएं निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं, ताकि आम जनता को उनका पूरा लाभ मिल सके।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने नये एडवांस बिजली मीटरों के कारण अधिक बिल आने की शिकायतों पर संज्ञान लिया। उन्होंने ऊर्जा विभाग को निर्देश दिये कि ऐसे मामलों की प्राथमिकता से जांच कर उपभोक्ताओं को राहत दी जाए और बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

प्रभारी मंत्री ने जिले में अवैध नर्सिंग होम और फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को अभियान चलाकर सघन जांच करने को कहा। बिना पंजीकरण संचालित संस्थानों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर उन्होंने गांवों के बाहर लगे कूड़े के ढेरों को तत्काल हटाने और नियमित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना की समीक्षा करते हुए पेयजल परियोजनाओं के तहत खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित मानकों के अनुसार जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, मनरेगा और किसान सम्मान निधि समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंत्री को आश्वस्त किया कि सभी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक धामपुर अशोक राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान सहित कई जनप्रतिनिधि और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## हैजरपुर पहुंचे प्रभारी मंत्री कपिल देव



**चांदपुर ( चिंगारी )।** गुरुवार को प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाधिकारी जसजीत कौर, निवर्तमान विधायक कमलेश सैनी तथा भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ग्राम हैजरपुर में मृतक प्रशांत सैनी के आवास पर पहुंचे तथा मृतक के परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री केशव चौधरी, जिला महामंत्री दिनेश सैनी, मंडल अध्यक्ष मीनू राजपूत, राकेश कुमार, मोहित अग्रवाल, विकास गुप्ता रॉकी, पवन अग्रवाल, अवनीश त्यागी आदि भी उपस्थित रहे। मालूम हो कि 22 मार्च को ग्राम मिर्जापुर से आते हुए प्रशांत की मोटरसाइकिल ग्राम तखनपुरी निवासी एक युवती की स्कूटी से टकरा गई थी। युवती के परिजनों ने प्रशांत की बड़ी बेरहमी से पिटाई की थी। गम्भीर रूप से घायल प्रशांत की 25 मार्च की रात में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

## ग्रुप के माध्यम से साझा की जाती थी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की जानकारी-एडीजी

**बिजनौर/लखनऊ ( चिंगारी )।** बिजनौर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये राजूराम गोदारा पुत्र मदनलाल निवासी ग्राम दादूड़े वाला, थाना नासना, तहसील पोखरण, जनपद जैसलमेर, राजस्थान के सम्बन्ध में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि राजूराम टेलीग्राम ग्रुप का एडमिन था। उस ग्रुप से किरतपुर निवासी सहअभियुक्त अबूजर, जैद, मन्नान (पूर्व में जेल भेजे जा चुके) एवं अन्य जुड़े हुए थे। इस ग्रुप के माध्यम से राष्ट्रविरोधी गतिविधियों यथा समुदाय विशेष के वाहनों में आगजनी, रेलवे ट्रैक को क्षति पहुंचाना सम्बन्धी जानकारी साझा की जाती थीं।



एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) के बयान से समझा जा सकता है कि पुलिस के रडार पर इस टेलीग्राम ग्रुप से जुड़े अन्य व्यक्ति भी हो सकते हैं। संलिप्तता पाये जाने पर उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सकता है। पुलिस का मानना है कि राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त लोगों की चेन काफी बड़ी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि बिजनौर पुलिस ने राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में दो अभियुक्तों समीर उर्फ रूहान पुत्र कूड़े निवासी निकट सुल्ताना डाकू का किला, नजीबाबाद तथा राजूराम गोदारा को गिरफ्तार करके बुधवार को जेल भेजा था। राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में इससे पहले उवैद मलिक पुत्र रहीश निवासी मौ. शाहचंदन थाना चांदपुर, हाल निवासी ग्राम टांडा माईदास थाना रायपुर सादात तथा जलाल हैदर उर्फ समीर जाफरी पुत्र स्व. मौ. अकरम निवासी ग्राम बुलचंदपुर उर्फ मुंडाखेड़ा थाना नजीबाबाद, अबूजर पुत्र शमीम निवासी मौ. अफगानान, किरतपुर तथा जैद पुत्र रहीश एवं मन्नान पुत्र अनीश निवासीगण मौ. लुकमानपुरा, किरतपुर को जेल भेज चुकी है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## नाबालिग को बहकाया, मुकदमा दर्ज कराया

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर के एक मोहल्ला निवासी किशोरी को अपने साथ शादी के लिए बहकाकर ले जाने वाले पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। युवक गांव बजीदपुर थाना शेरकोट निवासी अजय पुत्र टेकानगर के एक किशोरी को शादी करने की बात कहते हुए बहकाकर ले गया और छेड़छाड़ शुरू कर दी, जिसका किशोरी ने विरोध किया तो युवक ने किशोरी को उसके मामा के घर के बाहर छोड़कर फरार हो गया। परिजनों ने थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कही है।

## नगरपालिका ने आयोजित की 'वार्ड चौपाल'

### पालिका अध्यक्ष ने किया 8 विकास कार्यों का लोकार्पण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा वार्ड संख्या 6 स्थित केडी बाल विद्यालय (बुखारा/नवाब का अहाता) में वार्ड चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जहां एक ओर नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं, वहीं दूसरी ओर पालिका प्रशासन द्वारा क्षेत्र में कराए गए 8 नये निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया गया।

चौपाल में स्थानीय निवासियों ने सफाई व्यवस्था, गंदे पानी की निकासी और पथ प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को पालिका प्रशासन के समक्ष रखा। पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को इनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। नागरिकों ने विशेष रूप से उस मुख्य सड़क के निर्माण के लिए पालिका का आभार व्यक्त किया, जो लंबे समय से नाले में तब्दील हो चुकी थी।



वार्ड चौपाल में बोलते हुए पालिकाध्यक्ष इन्दिरा सिंह।

सत्येंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि वह नगर के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह, वार्ड सभासद शानू जिंघाला, आशीष अग्रवाल, मनोरमा शर्मा, मानव सचदेवा, बलराम सिंह, जागेश्वर त्यागी, संजय बिश्नोई और केडी शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। पालिका प्रशासन की ओर से अवर अभियंता जलकल यशवंत सिंह, गौरव शर्मा और सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी ने भी विचार रखे और विभागीय कार्यों की जानकारी दी।

# जुलाई तक बन जायेगा नया बिजली घर

## उपभोक्ताओं को मिलेगी ट्रिपिंग की समस्या से राहत


नवनिर्मित बिजली घर में चल रहा निर्माण कार्य।



**धामपुर ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी के दौरान उपभोक्ताओं को लाइन फाल्ट,ट्रिपिंग और ट्रांसफार्मर पर पड़ने वाले ओवरलोड से राहत प्रदान करने के लिए विद्युत विभाग ने कार्य योजना बनाकर उसे धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है। विद्युत वितरण खंड धामपुर प्रथम के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार पटेल ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को गर्मी के दौरान बेहतर विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए व ओवरलोड की समस्या का समाधान करने के उद्देश्य से स्योहारा मार्ग पर ग्राम पंचायत मोहडा मे कैडे वाले बाबा के मंदिर को जाने वाले मार्ग पर साढे छह करोड रुपए की लागत से 33/11 के वी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण किया जा रहा है जिसका शुभारंभ विद्युत विभाग द्वारा जुलाई 2026 में पूर्ण करने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है।

## सोलर पैनल से दिन में रहेगा लोड कम


अधिशासी अभियंता

अधिशासी अभियंता संजीव कुमार पटेल ने बताया कि धामपुर नगर में लगभग 1000 से अधिक सोलर पैनल लग चुके हैं। इससे विद्युत विभाग को भारी राहत मिलेगी क्योंकि सोलर पैनल से दिन के समय ट्रांसफार्मर पर लोड कम रहेगा और उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिलेगी। उन्होंने बताया की विद्युत विभाग सोलर पैनल लगाने वाले विद्युत उपभोक्ताओं से 3 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली की खरीदारी करेगा जबकि पावर प्लांट से विद्युत विभाग को साढे 5 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदनी पड़ रही है। स्मार्ट मीटर के संबंध में उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर विद्युत उपभोक्ताओं को सही मीटर रीडिंग दें रहा है, यदि किसी को आशंका है, तो वह चेक मीटर लगाकर इसकी पुष्टि कर सकता है।

उन्होंने बताया कि नए बिजली घर की बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, कंट्रोल रूम की छत बन गई है और लाइन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए बिजली घर पर धामपुर टाउन 2 और 3 का लोड ट्रांसफर किया जाएगा।

### छह नये ट्रांसफार्मर लगाये

भीषण गर्मी के दौरान कूलर, एसी, पंखे और फ्रिज आदि चलने से ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ जाता है, इसके लिए धामपुर नगर में 6 नए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, जबकि 12 ट्रांसफॉर्मर्स की क्षमता में वृद्धि की गई है।

## एमकेडी एकेडमी का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत


हरमीन कौर | जसकिरन कौर | हरमन सिंह | गुरमनप्रीत सिंह | अनमोलप्रीत सिंह | वंशिका

**धामपुर ( चिंगारी )।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10 का एमकेडी चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल धामपुर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने बताया कि हरमीन कौर ने 96.6 प्रतिशत, जसकिरन कौर ने 88.8 प्रतिशत, हरमन सिंह ने 88.6 प्रतिशत, गुरमनप्रीत सिंह ने 87.2 प्रतिशत, अनमोलप्रीत सिंह ने 86.8 प्रतिशत, वंशिका ने 86.3 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। सभी विद्यार्थियों के अंक विद्यालय के शिक्षा स्तर को दर्शाते हैं विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. लाल बहादुर रावल व मैनेजर डॉक्टर रश्मि रावल ने उनको बेहतरीन परिणाम के लिए बधाइयां दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जनगणना में ड्यूटी शेरकोट क्षेत्र में लगाई, पंचायत सहायकों ने प्रदर्शन कर नाराज़गी जताई

**धामपुर ( चिंगारी )।** जनगणना ड्यूटी को लेकर पंचायत सहायकों में नाराजगी देखने को मिली। गुरुवार को बड़ी संख्या में पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर। एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। पंचायत सहायकों का कहना है कि उन्हें पूर्व में आश्वासन दिया गया था कि जनगणना ड्यूटी उनकी संबंधित ग्राम पंचायतों में ही लगाई जाएगी, जिससे कार्य, सुगमता और पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके। लेकिन इसके विपरीत उनकी ड्यूटी शेरकोट नगर पालिका क्षेत्र में लगा दी गई, जो उनके निवास स्थान से लगभग 25 से 30 किलोमीटर की दूरी पर है। सहायकों ने

### एसडीएम को दिया ज्ञापन

बताया कि उन्हें मात्र 6000 रुपये मानदेय मिलता है, वह भी समय पर नहीं दिया जाता। ऐसे में लंबी दूरी तय कर ड्यूटी करना उनके लिए आर्थिक और शारीरिक रूप से कठिन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि उनकी ड्यूटी पुन: उनकी ग्राम पंचायतों में ही लगाई जाए, ताकि जनगणना का कार्य सही तरीके से और बिना किसी बाधा के पूरा किया जा सके। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में जॉनी कुमार (अध्यक्ष), विशाल कुमार (महामंत्री) सहित अंकुल कुमार, अमित कुमार, काजल कौशिक, वर्षा रानी, दीक्षा रानी, अंजलि चौहान, प्रेरणा चौहान, गगन शर्मा, शिवानी रानी, पुष्पेंद्र कुमार समेत कई पंचायत सहायक आदि शामिल रहे।

## करणवीर चौहान ने की भारत स्वरूप एकेडमी टॉप


करणवीर चौहान | अर्चित सैनी | अर्श अहमद | आकाश राणा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर मार्ग स्थित भारत स्वरूप एकेडमी का सीबीएसई 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के चैयरमेन डॉ. लोकवीर सिंह व प्रबंधक पुखराज सिंह ने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, मेहनत और लगन से पढ़ाई करने पर ही लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विद्यालय की प्रधानाचार्य उपासना यादव ने बताया कि छात्र करणवीर चौहान ने 85 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, अर्चित सैनी व अर्श अहमद ने 76.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय आकाश राणा ने 74.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## शिखर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के टॉपर्स सम्मानित




**धामपुर ( चिंगारी )।** शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल धामपुर में सीबीएसई कक्षा 10 के उत्कृष्ट परिणाम के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भारती यादव द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या ने कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों ने अपने बच्चों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार का आभार जताया। विद्यालय प्रबंध कमेटी ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. शेखर अवस्थी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों आर.एन. सिंह, अंकित सिसोदिया, अभय राजपूत, जितेंद्र सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कक्षा 10 के 2025-26 के परीक्षा परिणाम में अवनी अग्रवाल ने 98.00, ऋषांत शर्मा ने 95.50, जिया शर्मा ने 94.40, अव्या ने 94.20, श्रुति भारद्वाज ने 94.00, तरुण चौहान ने 93.80, अंशिका ने 93.60, माही राजपूत ने 93.60, याचिका ने 91.20, कार्तिक कुमार ने 91.00, त्रिव्यम ने 91.00, राधिका ने 90.60, तनिष्क कुमार ने 90.00, स्तुति जैन ने 89.60, जिया चौहान ने 89.40, अक्ष गुप्ता ने 89.20, जय श्री ने 89.20, यश चौहान ने 88.80, तनिष्का ने 88.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

# सड़क से सदन तक संघर्ष को और तेज करेगी कांग्रेस- नरवाल

## कांग्रेस की संगठन सृजन एवं समीक्षा बैठक



समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला कांग्रेस कमेटी बिजनौर द्वारा आर.के. फार्म्स में संगठन सृजन एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति और संगठन को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की समीक्षा एआईसीसी सचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल ने की। उन्होंने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों पर सरकार की उदासीनता अब स्वीकार नहीं की जाएगी। कांग्रेस पार्टी जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष को और तेज करेगी। नरवाल ने आगामी चुनाव, जो करीब आठ महीने दूर है, के लिए पूरी तैयारी करने को कहा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने पिछले एक वर्ष में पार्टी द्वारा किए गए संघर्षों और उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने किसानों, युवाओं, महिलाओं और आम जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाया है और प्रशासन को जवाबदेह बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के हक की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ रहे हैं। बैठक के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जिला, शहर, नगर, ब्लॉक एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पीसीसी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एच.एम. स्कूल का रिज़ल्ट रहा शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं के चेहरे पर आई चमक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सी.बी.एस.ई. द्वारा कक्षा 10वीं का एच.एम. पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। एच.एम.पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा अंशिका चौधरी ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा प्रत्यक्ष कुमार व कृतिका ने 88.8 प्रतिशत एवं 87 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के अन्य आठ छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया। जिसमें सुरभि कुमारी 85.6 प्रतिशत, अंशल चौधरी 85.4 प्रतिशत, जेहरा हैदर 85.4 प्रतिशत, अवनी चौधरी 84.6 प्रतिशत, सूर्यांश देशवाल 84.2 प्रतिशत, सेहरीन जहां 83 प्रतिशत, अंजलि 82 प्रतिशत तथा सिद्धार्थ कुमार ने 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। स्कूल के लगभग 20 छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग विषयों में 90 से अधिक अंक प्राप्त किये, जिसमें सुरभि कुमारी ने हिंदी में 91, सामाजिक विज्ञान 95, अंशुल चौधरी ने हिंदी में 96, सामाजिक विज्ञान में 90, जेहरा हैदर ने सामाजिक विज्ञान में 91 प्रतिशत, अवनी चौधरी ने अंग्रेजी में 95, हिंदी में 91, सूर्यांश देशवाल ने हिंदी में 95, सहरीन जहां ने हिंदी में 94, अंजलि ने हिंदी में 95 तथा अंग्रेजी में 91 अंक प्राप्त किये।



सिद्धार्थ कुमार, भावना रानी, निशांत सैनी, अंश चाहल, लक्की, असफिया कुलसुम तथा समद अब्बास आदि ने हिंदी में क्रमश 90, 92, 92, 92, 93, 92, 91 अंक प्राप्त किये। सभी छात्र-छात्राएं अपने अंक देखकर खुशी से झूम उठे। विद्यालय के चेयरमैन अशोक कुमार चौधरी एवं प्रबंधक कुसुम चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम के लिए बधाई और आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य संजीव सहरावत ने सभी विद्यार्थियों को उनके अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## आरजेपी इंटर कॉलेज में अग्निशमन पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में अग्नि शमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत प्रधानाचार्य ग़य्यूर आसिफ़ के निर्देशन में कला, निबंध एवं व्याख्यान ( भाषण ) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अग्नि सुरक्षा से संबंधित विभिन्न चित्र बनाए तथा समाज को जागरूक करने हेतु महत्वपूर्ण विचार स्पष्ट करते हुए प्रभावशाली व्याख्यान दिए और अग्निकांड से बचने, आग लगने पर कैसे बचा जाए इस संबंध में अच्छे निबंध लिखकर अपने विचारों की अभिव्यक्ति की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गयूर आसिफ ने कहा कि शासन द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करके आम जनमानस को अग्नि सुरक्षा के उपायों के




बारे में जागरूक करना तथा आग से बचाव के तरीकों को अपनाते हुए जन एवं अन्य हानियों से बचाना है। कार्यक्रम में बालेस कुमार, नरेंद्र सिंह, अतुल कुमार रस्तोगी, चंद्रहास सिंह, सुधीर राजपूत, लक्षेष कुमार आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जाम के झाम से जूझ रहे नगीनावासी

## सबसे बड़ा कारण अतिक्रमण

**नगीना ( चिंगारी )।** जाम की समस्या अब नगीना के लिए आम हो गई है। पूरे शहर में एक अदद पार्किंग की व्यवस्था न होने से पूरे दिन नगीना के बाजार जाम की स्थिति को झेलते रहते हैं। जाम की समस्या से निजात दिलाने में पालिका व स्थानीय प्रशासन उदासीन बना हुआ है। जाम की समस्या में सड़क पर होने वाला बेलगाम अतिक्रमण भी बराबर का जिम्मेदार है। अतिक्रमण व जाम की समस्या से लोगों को छुटकारा दिलाने की जिम्मेदारी जिन कंधों के ऊपर है उन्होंने भी अपनी आंखें मूंद रखी हैं।

एक जमाने में नगीना का बाजार लुहारी सराय अतिक्रमण व जाम की समस्या के लिए बदनाम हुआ करता था। समय बदला, तो हालत भी बदल गए। अब स्थिति इतनी विकट हो गई की नगीना का कोई सा बाजार व मोहल्ला ऐसा अछूता नहीं जो अतिक्रमण व जाम की चपेट में न हो। नगीना के रेलवे स्टेशन चौराहे से लेकर अंतिम छोर पहाड़ी दरवाजे तक पूरे दिन अतिक्रमण व जाम की समस्या से आम लोग जूझते रहते हैं। कई बार जाम की समस्या के चलते एंबुलेंस के फंस जाने के कारण लोगों की जान पर भी बन आती है।

नगीना में मुंसफ़ी के सामने, गांधी मूर्ति चौक, पुरानी तहसील परिसर के आसपास, बाजार मंडी मौलगंज, लुहारी सराय, पंजाबियान, बाजार गंज,


नगीना के मुख्य बाजार में लगे जाम के चलते फंसे वाहन

सराफ़ा बाजार, बारादरी,पहाड़ी दरवाजा में पूरे दिन जाम लगा रहता है। इस जाम के लिए जहां सड़क पर सामान सजाकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदार जिम्मेदार हैं, वहीं ई- रिक्शाओं की बढ़ती संख्या भी कोढ़ में खाज का काम कर रही है। सड़क पर खड़े होने वाली बेतरकीब ठेले भी जाम की समस्या को नासूर बना रहे हैं। पहले साल, दो साल में पालिका व पुलिस प्रशासन

## मुख्य बाज़ार में दुपहिया वाहन निकलना भी दूभर

मिलकर अतिक्रमण हटाने की रस्म अदायगी निभाती थी, लेकिन अब उन्होंने यह काम करना भी छोड़ दिया है। पालिका व पुलिस प्रशासन के मौन धारण कर लेने के चलते अब अतिक्रमण करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

नगीना में मुख्य बाजार के भीतर जाने के लिए चौपहिया वाहनों की बात तो छोड़िए दुपहिया वाहनों से चलना भी अब दूभर हो गया है। नगीना-कोतवाली मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक के दिन भर करीब 100 से अधिक बार बंद होने के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग स्टेशन के सामने पूरे दिन जाम की समस्या बनी रहती है। ड्यूटी पर खड़े होने वाले पुलिसकर्मी भी इस जाम से निजात दिलाने में कोई रुचि लेते हुए नहीं दिखते हैं। पालिका प्रशासन इतने लंबे समय बाद भी नगीना में एक पार्किंग की व्यवस्था नहीं कर सका है, जिसके चलते बाजार में व ऑफिस में काम पर आने वाले लोग अपने वाहनों को भी सड़क पर खड़ा कर देते हैं, जिससे जाम की समस्या विकराल रूप ले रही है। इस संबंध में पालिका के अधिशासी अधिकारी आशुतोष रामप्यारे जैसवाल का कहना है अतिशीघ्र अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने का प्रयास होगा।

# आदर्श इण्टर कालिज ऊमरी, बिजनौर

पत्रांक/ए.आई.सी.यू./विज्ञप्ति/ 81/2026-27 दिनांक:- 16.04.2026

## विज्ञप्ति

अपर मुख्य सचिव उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या-2058/15-5-2021-1600 (359)/ 2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 21 नवम्बर 2021 द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में लिपिक श्रेणी/शिक्षणेत्तर पदों (समुह ग) पर चयन हेतु चयन प्रक्रिया में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र निम्नवत शर्तों एवं प्रतिबंधों एवं पात्रताओं के आधार पर विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 09-05-2026 सायं 5.00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र विद्यालय के उपरोक्त नाम एवं पते पर मात्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया जायेगा तथा उसकी छाया प्रति सम्बंधित जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के ई मेल bijnordios@gmail.com पर भी प्रेषित किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| पदों की संख्या-01 | आरक्षण-एक पद अनारक्षित | संस्था में मात्र रजिस्टर्ड डाक से आवेदन स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि 09-05-2026 सायं 5.00 बजे तक |

**आवेदन हेतु पात्रता-**

उ.प्र. अधीनस्त सेवा चयन आयोग के द्वारा सम्पन्न करायी गयी उपरोक्त प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में 50 प्रतिशत एवं अधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत चयन के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।

(PET) स्कोर से तात्पर्य आवेदन की तिथि पर उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की घोषित वैद्य स्कोर से है।

**आवेदन की प्रक्रिया-**

-प्रश्नगत चयन हेतु प्रारम्भिक अहर्ता परीक्षा (PET) में 50 प्रतिशत एवं अधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन निम्न प्रक्रिया के अनुसार आमंत्रित किया जायेगा।

-आयु सीमा प्रश्नगत विज्ञापन में अभ्यर्थी की आयु चयन वर्ष 01 जनवरी 2026 को न्यूतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।

-नोट- उ.प्र. के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ऐसे अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा में राज्य सरकार द्वारा प्रदान नियमानुसार छूट अनुमन्य होगी। कार्मिक अनुभाग-2 के शासनादेश सं. 22/21/1983-कार्मिक-2 दिनांक 28 नवम्बर 1985 के अनुसार वर्गीकृत खेलों के कुशल खिलाड़ियों को अधिकतम आयु में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी। भूतपूर्व सैनिकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 03 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।

समाज के दिव्यांगजनों को उ.प्र. सरकार के अघतन नवीनतम विधमान कार्मिक अनुभाग-2 के शासनादेश सं. 18/01/2008 का 2-2008 दिनांक 03 फरवरी 2008 के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में 15 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।

**आवेदन शुल्क-**

-अनारक्षित (सामान्य) व अन्य पिछड़ा वर्ग 750.00 आवेदन शुल्क

अनुसूचित जाति/जनजाति/ई.डब्लू एस 500.00 आवेदन शुल्क

-(नोट- आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट/ पोस्टल आर्डर एवं एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से सम्बंधित संस्था के प्रबन्धक के पद नाम से जिला सहकारी बैंक शाखा सायं कालीन धामपुर में संचालित खाता सं. -001221000000321, IFSC CODE-UPCB00BIJNR में जमा किया जायेगा।

**पद का वेतन मान व अन्य भत्ते-**

-कनिष्ठ सहायक पद हेतू न्यूतम पे बैंड रु 5200-20200 ग्रेड पे 2000, सातवें वेतन आयोग के अनुसार एवं अन्य देय भत्ते अनुमन्य होंगे।

**चयन हेतु शैक्षिक अर्हता-**

1- माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा या उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।

2-माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. के साथ-साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/ परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इंटर मीडिएट परीक्षा में प्रथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइन्स विषय को लिया गया हो अथवा कम्प्यूटर संचालन का डो एस/निलिट द्वारा प्रदत सी.सी.सी. प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र अथवा कम्प्यूटर साइन्स में डिप्लोमा/डिग्री अथवा कम्प्यूटर में उच्च योग्यताधारी यथा कम्प्यूटर में डिप्लोमा, डिग्री, पी.जी.डी.सी.ए., वी.सी.ए., एम.सी.ए. तथा ग्रेजुएशन अथवा उच्च डिग्री (बी.ए., बी.एस.सी., बी.टेक., एम.एस.सी., एम.बी.ए.) में कम्प्यूटर के रूप में अथवा एक सेमेस्टर में कम्प्यूटर कोर्स धारित

3- कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट होगी।

**चयन प्रक्रिया-**

शासनादेश संख्या 2058/15-05-2022-1600 (359)/2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग 5 लखनऊ दिनांक 25 नवम्बर 2021, शासनादेश सं.-1152/15-5-2021-1600 (359) 2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 04 जुलाई 2022 एवं सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. प्रयागराज द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या परिषद-9/762 दिनांक 06-01-2022 के माध्यम से सर्व साधारण की जानकारी हेतु विज्ञप्ति में निहित प्राविधानानुसार चयन प्रक्रिया के अनुसार चयन किया जायेगा।

**टंकण परीक्षा-**

1-टंकण परीक्षा कम्प्यूटर पर करायी जायेगी। जिस हेतु आवेदन करने वाले अर्ह अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में सर्वाधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले प्रथम 10 अभ्यर्थियों की चयन समिति के माध्यम से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित होगी। जिसकी सूचना रजिस्टर्ड डाक से संस्था प्रबंधक (नियोक्ताधिकारी) द्वारा टंकण परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि से 15 दिवस पूर्व अभ्यर्थियों को प्रेषित की जायेगी।

2- टंकण परीक्षा क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों की (PET) में प्राप्त स्कोर के आधार पर मेरिट सूची के आधार पर तैयार होगी तथा 01 पद के सापेक्ष अधिकतम 03 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार चयन समिति द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा। जिसकी सूचना चयन समिति के अध्यक्ष के द्वारा पृथक से अभ्यर्थी को रजिस्टर्ड डाक द्वारा दी जायेगी।

3- चयन समिति अभ्यर्थियों के (PET) परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जायेगी। मेरिट सूची में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाला अभ्यर्थी चयनित किया जायेगा।

4-चयन के उपरान्त चयनित अभ्यर्थी के सम्बंध में वित्तीय अनुमन्यता सक्षम अधिकारी के स्तर से प्रदान किए जाने के उपरान्त नियुक्ति पत्र नियोक्ता संस्था प्रबन्धक (चयन समिति के अध्यक्ष) द्वारा रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया जायेगा।

**अभ्यर्थियों के लिए सामान्य अनुदेश-**

1- एक से अधिक आरक्षित श्रेणी का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को केवल एक छूट जो अधिक लाभकारी होगी अनुमन्य होगी।

2- भूतपूर्व सैनिक तथा विकलांग जन उ.प्र. शासन द्वारा माध्यमिक निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र पर अपना दावा प्रस्तुत करेंगे। अन्यथा अभ्यर्थी द्वारा किया गया दावा स्वीकार नहीं होगा।

3- ऐसे अभ्यर्थी जो शारीरिक रूप से विकलांग होने का दावा करते है उन्हें यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनके द्वारा उतदर्थ आवेदन के साथ प्रस्तुत प्रमाण पत्र किसी सक्षम अधिकारी/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र में अभ्यर्थी के विकलांग का प्रतिशत स्पष्ट रूप से उल्लिखित हो।

4- ऐसे पुरुष अभ्यर्थी जो विवाहित है तथा जिनकी एक से अधिक जीवित पत्नियां है अथा ऐसे महिला अभ्यर्थी जिनसे ऐसे पुरुष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक जिवित पत्नी है पात्र नहीं माने जायेंगे।

5- आवेदन स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि तक ही अभ्यर्थी द्वारा धारित अर्हता स्वीकार की जायेगी। आवेदन की अन्तिम तिथि के वाद ग्रहण की गयी योग्यता/ अर्हता हेतु मान्य नहीं होगी।

6- किसी भी अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र में गलत तथ्यों के जिनके प्रमाण पत्र के आधार पर पुष्टि नहीं की जा सकती देने पर प्रश्नगत चयन से प्रति वारित किया जा सकता है।

7- हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। जन्म तिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा।

8- आवेदन के साथ विवरण प्रारूप संलग्न है साथ ही विद्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

9- विद्यालय की ईमेल आईडी-ashishraj9634@gmail.com

## आदर्श इण्टर कॉलिज ऊमरी, बिजनौर

## अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में लिपिक भर्ती हेतु आवेदन पत्र-

1- आवेदित संस्था का नाम ..........................................................

2- अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम ..........................................................

3- पिता/पति का नाम..........................................................

4- माता का नाम ..........................................................

5- जन्मतिथि..........................जन्मतिथि शब्दों में..............................

6- लिंग- महिला........................ पुरुष..............................

स्वयं प्रमाणित नवीनतम फोटो अनिवार्य रूप से चस्पा करें।

7- वर्ग- सामान्य ................पिछड़ा वर्ग ..............अनुसूचित जाति........... अनुसूचित जनजाति..........

8- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-हां/नहीं..........................................................

9- क्या आप विवाहित है- हां................................/नहीं..............................

10- क्या आप उत्तर प्रदेश के निवासी है- हां........................../नहीं..............................

11- गृह राज्य का नाम..........................................................

12- स्थायी पता..........................................................

13- अस्थायी पता/पत्र व्यवहार का पता..........................................................

14- मोबाइल नम्बर..................................वाट्सएप नम्बर..................................

15- ईमेल आई.डी..........................................................

16- क्या आप उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन किसी विभाग में कार्यरत है- हां...................... नहीं..........

यदि हां तो विभाग का नाम..........................................................

पद नाम ..........................................................

नियुक्ति तिथि........................................ कुल सेवा अवधि..............................

17- दिव्यांग श्रेणी- हां........................... नहीं..........................................

18- शैक्षिक योग्यता

| क्र. सं. | योग्यता | बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम | उत्तीण वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | |
| 4 | परास्नातक | | | | | |
| 5 | अन्य | | | | | |

19. अन्य अधिमानी अर्हता..........................................................

20. उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित PET परीक्षा का विवरण

पंजीकरण..................................अनुक्रमांक संख्या..............................

नार्मलाइलेशन स्कोर..................... पर्सेंटाइल स्कोर..............................

21. कम्प्यूर संचालन का डीओईसीसी/एनआईटी द्वारा सी.सी.सी. प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र का विवरण..........................................................

22. कम्प्यूटर टंकण की गति हिन्दी भाषा में 25 व अंग्रेजी भाषा में 30 शब्द/मिनट है अथवा नहीं ..............

23. रु 750.00 एवं 500.00 (आरक्षित समूह के अनुसार) के बैंक डाफ्ट/ पोस्टल आर्डर/ एन.ई.एफ.टी. का विवरण..........................................................

24. घोषणा-

1- मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैंने विज्ञापन के अनुसार/शासनादेशों से सम्बंधित सभी नियम व शर्तें पढ़ ली है और मैं इसे स्वीकार करता/करती हूं।

2- मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन में की गयी सभी प्रविष्टिया/ विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है। यदि उक्त आवेदन में कोई तथ्य गोपन किये गये है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदार्यित्व मेरा होगा। नियमानुसार मेरे खिलाफ कार्यवाही करायी जा सकती है।

3- मेरे द्वारा कोई भी तथ्य गोपन किया गया हो जो चयन से पहले हो जाने के बाद नियुक्ति प्राधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के समक्ष आता है, तो मेरा अध्यर्वन/ नियुक्ति निरस्त कर दी जाये एवं मुझे प्राप्त राजकीय कोष से वेतन तत्काल पूरा राजस्व की भांति विभाग/राजकीय कोष को वापस कर दिया जाये, मुझे स्वीकार होगा। इस संबंध में मेरे द्वारा न तो कोई आपत्ति की जायेगी और न ही किसी न्यायालय में वाद दाखिल किया जायेगा।

नोट:- उक्त समस्त प्रमाण पत्रों की स्व. प्रमाणित छाया प्रति संलग्न की जाये।

दिनांक:-............................

आवेदनकर्ता का हस्ताक्षर

अभ्यर्थी का नाम........................................

स्थायी पता........................................

# आर.के. इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षाफल रहा शानदार



**किरतपुर ( चिंगारी )।** सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में आर.के. इंटरनेशनल स्कूल किरतपुर के विद्यार्थियों ने शानदार एवं सराहनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन का उत्कृष्ट परिचय दिया। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने उच्च अंक प्राप्त कर न केवल अपने अभिभावकों का, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार का मान बढ़ाया। विद्यालय में प्रथम स्थान तूबा जमशेद ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया। द्वितीय स्थान धैर्य ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्राप्त किया। तृतीय स्थान लक्ष्य ने 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन बिश्नोई ने सभी विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। विद्यालय प्रबंधक सुनील कुमार एडवोकेट ने व एम.डी. दर्शित अग्रवाल ने अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग को भी इस सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया और सभी का आभार व्यक्त किया।

# केडीबीएल स्कूल में जिकरा, रिहान व जुनैरब ने बाजी मारी

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा के परिणाम को देख केडीबीएल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल धामपुर रोड अफजलगढ़ के छात्र-छात्राएं गदगद नजर आए। स्कूल के प्रबंधक बृजेश कर्णवाल व प्रधानाचार्य अमित चौहान ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा परिणाम में स्टूडेंट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया, जिसमें जिकरा पुत्री नईम अहमद ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जिस पर विद्यालय परिवार को गर्व है। प्रबंधक बृजेश कर्णवाल ने बताया कि मौ. रिहान पुत्र मौ. हनीफ ने विद्यालय स्तर पर द्वितीय एवं जुनैरब पुत्री शेख मौ. याकूब ने तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रशंसनीय सफलता हासिल की है। बृजेश कर्णवाल ने इन होनहार छात्र-छात्राओं सहित समस्त विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।



# रिजल्ट देखकर के.एस. एकेडमी के छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर



यश वर्मा

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** स्थानीय के.एस. चिल्ड्रन एकेडमी का सीबीएसई 10वीं का परीक्षाफल शानदार रहा। टीचर्स और स्टूडेंट्स की मेहनत रंग लाई, जिससे परीक्षाफल देखकर स्टूडेंट्स और उनके अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल मैनेजमेंट ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए सभी का मुंह मीठा कराया। स्कूल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यश वर्मा ने 93.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. इंद्रपाल सिंह ने बताया कि रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। पर्णिका ने दूसरा तथा भूमि सैनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# छात्राओं ने ज्ञानवर्धन के लिए बेकरी विजिट किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के गृह विज्ञान विभाग द्वारा बीएससी गृह विज्ञान एवं एमएससी गृह विज्ञान की छात्राओं के ज्ञानवर्धन के लिए बेकरी विजिट आयोजित किया गया। शैक्षणिक भ्रमण में छात्राओं ने बेकरी के विभिन्न उत्पादों को बनाने की प्रक्रिया के बारे में जाना व समझा। इस अवसर पर टेम्पटेशन बेकरी बिजनौर की संस्थापक श्रीमती रीना सिंह ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस शैक्षिक भ्रमण में विभाग की शिक्षिकाएं ज्योति बालियान, सोनम सिंह, दीक्षा सारस्वत व प्राची उपस्थित रहीं। इस एक दिवसीय भ्रमण की सफलता पर संस्थान के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. नीलावती, कुलसचिव गौरव वर्मा ने पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।




# महिला आरक्षण को लेकर विचार प्रस्तुत किये



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर में प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी के निर्देशन में महिला आरक्षण अधिनियम 2023 (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) प्रचार अभियान के अंतर्गत विचार प्रस्तुतीकरण (भाषण) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में राजनीति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अल्पना सिंह ने छात्राओं को अधिनियम के बारे में जानकारी दी। इसके बाद हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर शारदा द्विवेदी ने भी छात्राओं को अधिनियम के बारे में जागरूक करते हुए निरंतर आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा आयशा परवीन, फायजा परवीन, मंतशा एवं कशिश ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि यदि भविष्य में उनको अवसर मिलेगा तो वह नारी सशक्तिकरण में अपना योगदान देंगी व समाज में व्याप्त नारी समस्याओं का समाधान करेंगी। डॉ. अल्पना सिंह ने यह भी कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम आम नारी को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हैं। कार्यक्रम में संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आराधना दीक्षित का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने छात्राओं को देश की सशक्त नारियों के उदाहरण देते हुए उनके जीवन परिचय से अवगत करवाया।

# खेत में चारा काट रहे किसान पर गुलदार ने हमला किया

**शेरकोट (चिंगारी)।** खेत में चारा काट रहे किसान को हमला कर गुलदार ने घायल कर दिया। किसान के साहस दिखाने और आसपास काम कर रहे लोगों के शोर मचाने पर गुलदार मौके से भाग गया। घायल किसान को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया। इस घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई।



घायल किसान को उपचार के लिए ले जाते परिजन।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मंधोरा निवासी भजन सिंह पाल बृहस्पतिवार की दोपहर जंगल में स्थित अपने खेत में पशुओं के लिए चारा काट रहे थे। उनकी पुत्री बैबी, खुशबू और भाई की पत्नी कमलेश आदि कई अन्य लोग भी पास में ही काम कर रहे थे। परिजनों ने बताया कि पास के खेत से निकलकर आये एक गुलदार ने भजन सिंह पर पीछे से सिर पर हमला कर दिया। भजन सिंह कुछ समझ पाते कि इस बीच गुलदार द्वारा वार कर दिये जाने से वे पीछे को गिर गए। साहस दिखाते हुए भजन सिंह के शोर मचाने पर आसपास के लोग भी शोर मचाते हुए उनकी ओर दौड़ पड़े, जिससे गुलदार मौके से भाग गया। भजन सिंह को उपचार हेतु एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी धामपुर ले जाया गया। परिजनों के मुताबिक भजन सिंह के सिर, गर्दन और पीठ पर पंजे लगे हैं।

इस घटना से खेतों पर काम करने वालों में दहशत का माहौल है। वहीं दूसरी ओर बुधवार की शाम गुलदार ने ग्राम पालकी ऐमन निवासी रोहताश सिंह की गांव के पास खेत में चर रही कटिया पर हमला कर दिया। आसपास के लोगों द्वारा शोर मचाने पर गुलदार कटिया को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। रोहतास सिंह, पदम सिंह, रामदास, ऋषिपाल सिंह, प्रिंस कुमार आदि ग्रामवासियों ने वन विभाग के अधिकारियों से पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

# रात में क्लीनिक का निरीक्षण करने को लेकर हंगामा

**शेरकोट (चिंगारी)।** रात के समय निरीक्षण के नाम पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के नगर में संचालित एक क्लीनिक पर पहुंचने से हंगामा खड़ा हो गया। क्लीनिक की महिला चिकित्सक ने जांच के लिए पहुंचे अधिकारी के साथ मौजूद व्यक्ति पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है।

नगर के मुहल्ला फतेहनगर में डॉ. फैजान और उनकी पत्नी डॉ. सना का चांदनी क्रिटिकेयर के नाम से क्लीनिक है। दोनों पति-पत्नी क्लीनिक के ऊपर बने आवास में ही रहते हैं। डॉ. फैजान के मुताबिक बुधवार की रात दस बजे वे घर पर नहीं थे और क्लीनिक बंद था। आरोप है कि नोडल अधिकारी क्लीनिक पर पहुंचे और निरीक्षण करने की बात कहकर उनकी पत्नी डा. सना को आवास से बुलाकर क्लीनिक खुलवाया। आरोप है कि डॉ. सना द्वारा देर रात निरीक्षण के लिए आने का कारण पता करने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के लोग कोई संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं दे पाए और एक व्यक्ति ने अभद्रता की, जिससे हंगामा खड़ा हो गया। डॉ. फैजान के मुताबिक वे और उनकी पत्नी डा. सना दोनों रजिस्टर्ड चिकित्सक हैं। देर रात निरीक्षण के लिए क्लीनिक खुलवाकर महिला चिकित्सक के साथ अभद्रता करना सरासर गलत है, जिसकी शिकायत उन्होंने सीएमओ और जिलाधिकारी से की है।

# गुरुकुल स्कूल के विद्यार्थियों ने एथलेटिक्स में परचम लहराया



**नांगल सोती (चिंगारी)।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर के छात्र-छात्राओं ने डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक एसोसिएशन बिजनौर द्वारा मीरी-पीरी खालसा अकादमी, अफजलगढ़ में आयोजित एक दिवसीय सब जूनियर, जूनियर और सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया। विद्यालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक अंडर-8 ऐज ग्रुप की 60 मीटर दौड़ में रिचिका पाल ने प्रथम और सुप्रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ब्रॉड जम्प में रिचिका ने प्रथम और सुप्रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-12 ऐज ग्रुप की 100 मीटर रिले दौड़ में ईशान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 ऐज ग्रुप में गोला फेंक में उर्वशी ने द्वितीय स्थान और भाला फेंक में रिया पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों की सफलता से स्कूल में हर्ष का माहौल है। स्कूल के एम.डी. डालचन्द पाल, प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत एवं अन्य स्टाफ ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उच्च स्तर पर नाम रोशन करने के लिये शुभकामनायें दीं।

# डा. हरि सिंह ढिल्लो ने स्कूलों में जाकर शिक्षकों की समस्याएं सुनीं

**चांदपुर (चिंगारी)।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने क्षेत्र के लगभग एक दर्जन स्कूलों में जाकर शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। एमएलसी डा. हरि सिंह ढिल्लो भगवंत पब्लिक स्कूल, फादरसन पब्लिक स्कूल, हेजलमून स्कूल, गुलाब सिंह हिन्दू कालेज सहित लगभग एक दर्जन स्कूलों में गये तथा शिक्षकों से मुलाकात की। डा. ढिल्लो ने शिक्षण संस्थानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को शिक्षकों के साथ साझा करते हुए उन्हें दूर करने के अपने प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वे शिक्षकों की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष भी रख चुके हैं। इस अवसर पर उनके साथ जिलाध्यक्ष हरवीर सिंह तोमर, टीकम सिंह, चौ. वीरेन्द्र सिंह, शिव कुमार आदि भी थे। हेजलमून स्कूल में अरविन्द कुमार पप्पू चेयरमैन, श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल व श्रीमती गरिमा सिंह तथा फादरसन पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी व अन्य शिक्षकों ने एमएलसी डा. हरि सिंह ढिल्लो का स्वागत सम्मान किया।



श्री ढिल्लो का स्वागत करते हुए अरविंद पप्पू


# माहा गाड़ी से टकराया

**नांगल सोती (चिंगारी)।** बृहस्पतिवार की दोपहर ग्राम चंदोक व रेलवे क्रॉसिंग के बीच नीलगाय (माहों) का झुंड सड़क पार कर रहा था। एक माहा नांगल की ओर से आ रही गाड़ी से बहुत जोर से टकरा गया। टक्कर के कारण माहा उछलकर सड़क से दूर जाकर गिरा और उसकी मृत्यु हो गई, जबकि नई गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सौभाग्यवश गाड़ी चालक को चोट नहीं आई। सामाजिक वानिकी के दरोगा विकास कुमार ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची टीम ने मृत माहे को गड्ढा खोदकर दबा दिया है।



क्षतिग्रस्त कार

# वीएसडी पब्लिक स्कूल में हर्ष का माहौल, रिजल्ट रहा शानदार



**बिजनौर (चिंगारी)।** बुधवार को सीबीएसई द्वारा कक्षा-10 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें वीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की श्रेया शर्मा ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर काव्य चौधरी 91.6 प्रतिशत व क्षितिज डबास 91.6 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर नीशू ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से अभिभावकों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय चौधरी ने छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या अंजुम इरफाना ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। श्रेया ने अंग्रेजी में 97, हिंदी में 97, गणित में 94 विज्ञान में 92, सामाजिक विज्ञान में 94 तथा इंफॉर्मेशन टैक्नॉलॉजी में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसी क्रम में क्षितिज ने अंग्रेजी में 95, हिंदी में 96, सामाजिक विज्ञान में 91 व इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तथा काव्य चौधरी ने अंग्रेजी में 91, हिंदी में 94, विज्ञान में 89 व सामाजिक विज्ञान में 86 व इंफॉर्मेशन टेक्नोलाजी में 98 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे। निशू ने अंग्रेजी में 95, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में 97 अंक प्राप्त किए व तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेघा वत्स ने भी अंग्रेजी में 91, हिंदी में 90 अंक तथा इल्मा व गुंजन आर्या ने इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में क्रमश: 92 प्रतिशत तथा 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

# ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार की मौत, परिवार में शोक

**बिजनौर (चिंगारी)।** गुरुवार की देर शाम गांव यूसुफपुर हमीद निवासी प्रिंस (17 वर्ष) पुत्र अरविंद कुमार बाइक से बिजनौर से गांव लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जमालपुर पठानी के पास तेज रफ्तार ई रिक्शा ने प्रिंस की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे प्रिंस सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक रिक्शा लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्रिंस को मृत घोषित कर दिया। प्रिंस के पिता की बीमारी के कारण करीब एक साल पूर्व मौत हो गई थी। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी एक बहन है, जिसकी शादी हो चुकी है। थाना अध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



मृतक का फाइल फोटो

# गैस सिलेंडर की समस्या के निदान को एसडीएम से मिले विधायक तसलीम

## आपूर्ति में सुधार की मांग को दिया ज्ञापन



नजीबाबाद (चिंगारी)। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने गैस सिलेंडर की आपूर्ति में आ रही परेशानियों को देखते हुए तहसील पहुंचकर एसडीएम शैलेंद्र सिंह से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता भरा हुआ गैस सिलेंडर लेने के लिए सारे दिन व पूरी रात गैस गोदामों व एजेंसी के बाहर लाइन में लग रहे है, फिर भी उन्हें भरा हुआ सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। नजीबाबाद विधायक ने इस संबंध में सौंपे ज्ञापन में जल्द ही इस समस्या के निराकरण की मांग की। जिससे विधानसभा क्षेत्र नजीबाबाद की जनता को भरे हुए सिलेंडर लेने में राहत मिल सके। एसडीएम ने विधायक को बताया कि अब जनता को गैस गोदाम पर लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं है, बुकिंग के बाद सभी उपभोक्ताओं को सिलेंडर उनके घर पर ही पहुंचा दिया जाएगा। नजीबाबाद विधायक ने इस संबंध में एक पत्र इंडियन आयल कारपोरेशन के महा प्रबंधक को भी भेजा है। जिसके माध्यम से उन्होंने मांग की है कि नजीबाबाद में इण्डेन गैस सिलेंडर के आपूर्ति बढ़ाई जाए। उन्होंने प्रत्येक दिन नजीबाबाद में 1200 सिलेंडर भेजने का ऑयल कॉरपोरेशन से अनुरोध किया।

## साहनपुर चेयरमैन ने गैस ग्राहकों की समस्या के हल को दिया ज्ञापन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने एसडीएम को ज्ञापन देकर नजीबाबाद क्षेत्र में इण्डेन गैस उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान कराने तथा नई एजेंसी खोले जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि नजीबाबाद क्षेत्र के इण्डेन गैस उपभोक्ता लम्बे समय से भरे हुए गैस सिलेंडर लेने के लिए काफी परेशानी का सामना कर रहे है। नजीबाबाद में इण्डेन की एक ही गैस एजेंसी पर लगभग 38,000 से अधिक कनेक्शन होने के कारण उपभोक्ताओं को समय पर रिफिल उपलब्ध नहीं हो पा रही है। गैस उपभोक्ताओं को गैस रिफिल के लिए कई-कई दिन तक एजेंसी व गोदाम के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे आम जनता में भारी रोष व्याप्त है। वर्तमान व्यवस्था में होम डिलीवरी शत-प्रतिशत नहीं हो पा रही है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को गैस के लिए स्वयं गोदाम पर जाकर लम्बी लाइन में लगना पड़ता है। वहां बैठने, पीने के पानी एवं छाया (शेड) की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांग उपभोक्ताओं को काफी परेशानी होती है। उन्होंने जनहित में तत्काल प्रभाव से नजीबाबाद क्षेत्र में इण्डेन गैस की सप्लाई बढ़ाने, गैस की शत-प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित कराने, इण्डेन गैस की एक नई गैस एजेंसी खोलने, भविष्य में किसी भी नई एजेंसी को 10,000 से अधिक कनेक्शन का कोटा न दिये जाने, गोदाम पर गैस वितरण की स्थिति में एक व्यक्ति को एक ही रिफिल सिलेंडर दिया जाने, लंबी लाइन की समस्या समाप्त करने के लिए सीरियल अनुसार टोकन व्यवस्था लागू कराने, उपभोक्ताओं के लिए गोदाम व एजेंसी पर बैठने, पीने के पानी, शौचालय एवं शेड की उचित व्यवस्था कराने आदि की मांगें की गई।







## अम्बेडकर जयंती पर मुस्सेपुर में शोभायात्रा निकाली गई

नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर में अम्बेडकर जयंती के अवसर पर द बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया व संत रविदास कमेटी की ओर से गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए परम्परागत तरीके से शोभायात्रा व रैली निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश भारती व ऋचा बौद्ध ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। शोभायात्रा में महिलाओं, बच्चों व अन्य ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा में शामिल मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। सभी ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयकारे लगाते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर रविदास कमेटी के संरक्षक सुभाष चन्द, ग्राम प्रधान दिलीप बौद्ध, सुमित गुर्जर, रघुनाथ सिंह, हरपाल सिंह, रमेश सिंह, नाहर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अमर सिंह, राखी, सुनीता देवी, अंजली, किरण देवी आदि मौजूद रहे।

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौहम्मद फरमान व उसकी पत्नी सुब्हानी खातून जो गलत संगत में पड़ गए हैं। वह मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं, जो काफ़ी समय से उनसे अलग रहते हैं। मेरा व मेरे परिवार का समझाया भी नहीं मानते। इसलिये मैं और मेरा परिवार उनसे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में वह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-रुखसाना खातून पत्नी रफाकत हुसैन, निवासी-मोहल्ला गांधी नगर कस्बा व थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर (बिजनौर)।**

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौहम्मद फरमान व उसकी पत्नी सुब्हानी खातून जो गलत संगत में पड़ गए हैं। वह मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। जो काफ़ी समय से उनसे अलग रहते हैं। मेरा व मेरे परिवार का समझाया भी नहीं मानते। इसलिये मैं और मेरा परिवार उनसे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में वह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-रफाकत हुसैन पुत्र जमील अहमद, निवासी-मोहल्ला गांधी नगर कस्बा व थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर (बिजनौर)**

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र शबाब मंसूरी आयु 28 वर्ष जो अव्यवहारिक है और गलत संगत में पड़ गया है। वह मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करता है। मेरा व मेरे परिवार का समझाया भी नहीं मानता। इसलिये मैं और मेरा परिवार उससे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में वह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है, तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा।

**-निसार अहमद पुत्र श्री यूसुफ अली, निवासी ग्राम- सुजातपुर टक्कर, थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर (बिजनौर)।**

खुल गया! खुल गया!





# श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




## सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476




## पुलिस ने चुराई नकदी के साथ एक आरोपी पकड़ा

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना पुलिस ने क्षेत्र में एक घर से हजारों रुपये चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई पूरी रकम भी बरामद कर ली। सोनू पुत्र जगदीश निवासी ग्राम जसवन्तपुर उर्फ लुकादड़ी ने 15 अप्रैल को थाना नजीबाबाद में तहरीर देकर बताया था कि गांव के ही निवासी रिजवान पुत्र यामीन ने उसके घर से पांच हजार रुपये चोरी कर लिये। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह, कांस्टेबल नीरज पंवार व कांस्टेबल सीताराम ने आरोपी रिजवान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए पांच हजार रुपये भी बरामद कर लिए। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से कोर्ट ने करते आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

## पति के दोस्त ने महिला का नहाते समय वीडियो बनाया, वायरल की धमकी देकर दुष्कर्म किया

### शादी में गए परिजनों की गैर मौजूदगी में साथियों सहित घर में घुसा मारपीट, अब वीडियो वायरल करने की दे रहा धमकी

बिजनौर (चिंगारी)। एक महिला ने अपने पति के दोस्त पर नहाते समय वीडियो बनाने, ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने और लगातार धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, आरोपी शाहबाज पुत्र अनीस निवासी गंज थाना बिजनौर का उनके घर आना-जाना था। आरोप है कि एक दिन जब महिला घर में अकेली नहा रही थी, तभी शाहबाज ने चुपके से घर में घुसकर उसका वीडियो बना लिया। महिला का कहना है कि 22 मार्च 2026 को आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे बिजनौर बुलाया और मेरठ रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। बदनामी के डर से पीड़िता ने उस समय किसी को इस बारे में नहीं बताया। मामला यहीं नहीं रुका। 7 अप्रैल 2026 को जब पीड़िता के परिजन शादी में गए हुए थे, तब आरोपी अपने दो साथियों के साथ घर में घुस आया। विरोध करने पर तीनों ने गाली-गलौच करते हुए महिला के साथ मारपीट की। परिजन लौटे तो आरोपी भागने लगे, हालांकि शाहबाज को पकड़ लिया गया। लोक-लाज के चलते उस समय आरोपी को डांट-फटकार कर छोड़ दिया गया, लेकिन अब वह पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने तथा वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। डरी-सहमी पीड़िता ने अब हिम्मत जुटाकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# शानदार रहा जीटीबी स्कूल का रिजल्ट

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बुधवार को सीबीआई बोर्ड का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा अदीबा शाहिद 97.80 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय टॉपर बनी। स्कूल के छात्र भव्य प्रताप सिंह 96.60 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व आदित्य अरोड़ा 95.40 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय की छात्रा उदिशा ने 95.20, शिवी चौहान 93.80, आरव त्यागी 93.60, अथर्व भारद्वाज 93.40, चेतना आर्य 93.40, प्रियल यादव-93.20, साक्षी श्रद्धा-90.40, शैली सिंह-90.40, पर्व राज-90,अब्दुल्ला सैफी-90, फहद-90 प्रतिशत समेत विद्यालय के करीब 15 प्रतिशत बच्चों ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह ने बच्चों को उनके परीक्षा परिणाम के लिए बधाई एवं आशीर्वाद दिया और कहा कि मंजिल अभी बहुत दूर है, निरंतर आगे बढ़ते रहना है। प्रधानाचार्य अवनीश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



अदीबा शाहिद | भव्य प्रताप | आदित्य अरोड़ा

# शत-प्रतिशत रहा चिल्ड्रन एकेडमी का परीक्षाफल

**नूरपुर (चिंगारी)।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित हाईस्कूल परीक्षाफल के अनुसार चिल्ड्रन्स एकेडमी नूरपुर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 38 बच्चों में से सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र देव ने सर्वाधिक 97 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय टॉप किया। श्लोक प्रताप ने 94.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय, गौरांश कुमार ने 90.2 प्रतिशत के साथ तृतीय, हुदा मंसूरी ने 86.8 प्रतिशत के साथ चतुर्थ व अनुभूति गुप्ता ने 85.4 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में सर्वोच्च अंक हासिल करने वाले छात्रों को विद्यालय के चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता ने नकद धनराशि व पदक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर डॉ. प्राज्ञ गोयल, डायरेक्टर गौरव गोयल एवं प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार शर्मा ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



चिल्ड्रन एकेडमी में बच्चों को सम्मानित किया गया।

# उत्कृष्ट रहा बीपीएस का रिजल्ट

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भगवन्त पब्लिक स्कूल का सीबीएसई हाईस्कूल का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। प्रधानाचार्य कुलवीर सिंह ने बताया कि विद्यालय की छात्रा सुगंधा चौधरी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंशिका ने 89 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा साधिका ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कई विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वरिष्ठ समन्वयक दीपक कुमार ने विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे निरंतर मेहनत एवं अनुशासन का परिणाम बताया।



सुगंधा चौधरी | अंशिका | सादिका

# आधारशिला द स्कूल की टॉपर बनी अक्षिता अग्रवाल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** आधारशिला द स्कूल चांदपुर का सीबीएसई हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अनिता शर्मा ने बताया कि अक्षिता अग्रवाल ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, आराध्य चौहान ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व पराधी भाटिया ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। दीक्षा दक्ष ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ व फाइजा शाहिद ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया। 13 से अधिक छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने परिवार को गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रबंधक विवेक कर्णवाल व श्रीमती एकता कर्णवाल ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



अक्षिता अग्रवाल | आराध्य चौहान | पराधी भाटिया | दीक्षा दक्ष | फाइजा शाहिद

# मेधावियों ने किया जेनेसिस स्कूल का नाम रोशन

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित हाईस्कूल (कक्षा 10) परीक्षा परिणाम में काशीपुर रोड स्थित जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह के अनुसार अक्षिता सिंह ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं छात्र मोरध्वज ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा छात्रा अगम्या चौधरी ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर सनप्रीत सिंह सहोता एवं प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप छात्र-छात्राएं लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का परिणाम बताया।

**अक्षिता सिंह ने प्राप्त किये 99.2 प्रतिशत अंक**



# फादरसन स्कूल का रिजल्ट रहा उल्लेखनीय

**चांदपुर ( चिंगारी )।** फादरसन पब्लिक स्कूल चांदपुर का सीबीएसई हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की होनहार छात्रा सिद्धी पुत्री अनुपम ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को टॉप किया है। प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि रुकैया ज़ैदी, पुत्री मोहम्मद समीर ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा, जबकि उकाशा अनवर, पुत्री नक्सिया नासिर ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम ऊंचा किया है। विद्यालय की प्रबंधक आभा मैडम ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।



सिद्धी सिंह | रूकैया जैदी | उकाशा अनवर

# पावनी जैन ने किया नाम रोशन

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** स्थानीय निवासी व्यापारी आशु जैन की पुत्री पावनी जैन ने दसवीं की परीक्षा में एलआरएस अकेडमी नगीना में प्रथम स्थान हासिल किया है। पावनी जैन ने 97.8 प्रतिशत अंक पाकर पहला स्थान प्राप्त किया है। स्कूल प्रबंधन की ओर से पावनी जैन के माता-पिता को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। पावनी जैन ने यह कारनामा कर गांव का नाम रोशन किया है। चिंगारी परिवार की ओर से पावनी जैन को उज्जवल भविष्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।




# मिलेनियम की छात्राओं ने बाजी मारी

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजीबाबाद रोड कोतवाली देहात का हाईस्कूल का रिजल्टस शत-प्रतिशत रहा। कक्षा 10 में अनुकृति प्रकाश सिंह 93 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल टॉपर रही। द्वितीय स्थान पर प्रिया अग्रवाल 88.4 प्रतिशत व तृतीय स्थान पर तुबा नाज़ रही। विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह ने सभी छात्र एवं छात्राओं के साथ अभिभावक को बधाई दी। छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व स्कूल प्रधानाचार्य व शिक्षण स्टाफ को दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार व एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम ने छात्र एवं छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य शालिनी चौहान, सत्येंद्र कुमार व वीरेश कुमार मौजूद रहे।



अनुकृति प्रकाश सिंह



# स्मार्ट मीटर व प्रीपेड बिजली के विरोध में स्योहारा बिजलीघर पर महिलाओं का हंगामा



**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र में स्मार्ट मीटर और प्रीपेड बिजली व्यवस्था के विरोध में गुरुवार को बिजलीघर पर महिलाओं ने जोरदार हंगामा किया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंचे और महिलाओं के समर्थन में नारेबाजी की। शबाना, रूबी, ताहिरा, रायसन, तरन्नुम, अफसाना, रोशन, कुलसुम, खेरुनिशा, साइमा, सलीम (सफियाबाद), साजिद, दानिश, रिहान, मोहम्मद, मौ. जैद, डॉ. रुकमुद्दीन, अहमदुल्लाह, मोहम्मद शौकीन आदि का आरोप था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अत्यधिक बढ़ोतरी हो गई है। साथ ही प्रीपेड रिचार्ज प्रणाली के कारण उन्हें बार-बार रिचार्ज कराना पड़ता है, जिससे आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इसे उपभोक्ताओं का उत्पीड़न बताते हुए स्मार्ट मीटर हटाने की मांग की। हंगामे की सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में विभाग ने आश्वासन दिया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का जल्द समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### एसडीओ का कहना है..

**सरकार के आदेशानुसार स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। पूरे प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाये जाने की प्रक्रिया चल रही है। स्मार्ट मीटर से कोई भी किसी तरह की समस्या नहीं है।अगर किसी भी उपभोक्ता को कोई भी परेशानी है तो उसके लिये बिजली विभाग के कर्मचारी हर समय सेवा करने को तैयार है। -जीडी प्रजापति, उप खंड अधिकारी स्योहारा।**

## मेधावियों ने रोशन किया आर.पी.एस. पब्लिक स्कूल का नाम

**चंदक ( चिंगारी )।** आर.पी.एस. पब्लिक स्कूल, चंदक (बिजनौर) के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा वैष्णवी पुत्री श्री देवेंद्र सिंह निवासी ग्राम दौलतपुर 95.6 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल टॉपर बनीं। वहीं वंशिका काकरान पुत्री श्री राकेश कुमार निवासी दौलतपुर ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व शैलभ कुमार पुत्र श्री मुकेंद्र सिंह निवासी रायपुर बेरीसाल ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया। इनके अलावा देववंश चौधरी (85.8 प्रतिशत), पलक राणा (84.6 प्रतिशत), लक्ष्य (84 प्रतिशत), शौर्य सैनी (82.6 प्रतिशत), अक्षी राजपूत (79.8 प्रतिशत), कुणाल भार्गव (78.6 प्रतिशत), शौर्य प्रताप सिंह (76 प्रतिशत), नैना (75.8 प्रतिशत), रक्षित दहिया (75.8 प्रतिशत), नातिक कुमार (75.6 प्रतिशत) एवं देवांक (75.4 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. संजीव कुमार राठी, चेयरमैन डॉ. बीरबल सिंह एवं प्रबंधक श्री तपराज सिंह ने विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त शिक्षकगण ने इस सफलता को विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम बताया। साथ ही अन्य सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को भी विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।



वैष्णवी | वंशिका काकान | शैलभ कुमार

## अपर निदेशक ने किया अगवानपुर गौशाला का निरीक्षण



अगवानपुर में गौशाला का निरीक्षण करते अपर निदेशक डॉ. जगदीश प्रसाद।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** पशुपालन विभाग के अपर निदेशक मुरादाबाद डॉ. जगदीश प्रसाद गुरुवार की दोपहर नगर के कालागढ़ रोड स्थित अगवानपुर के वृद्ध गौ संरक्षण केंद्र पहुंचे। सहयोगी कर्मचारियों, अधिकारियों की टीम के साथ डॉ. जगदीश प्रसाद ने गायों के रख-रखाव एवं उनके चारे व सफाई आदि का निरीक्षण किया और संबंधित अभिलेखों की जांच पड़ताल भी की। निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक डॉ. जगदीश प्रसाद ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए वहां मौजूद कादराबाद के ग्राम प्रधान कैलाश चंद, पंचायत सचिव इरफान अली मंसूरी, पशु चिकित्सकों एवं अन्य संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के अनेक कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

## तीन दिन बंद रहेगा चंदक रेलवे फाटक

**चंदक ( चिंगारी )।** नांगल मार्ग स्थित रेलवे फाटक मेंटेनेंस कार्य के चलते तीन दिन पूर्ण रूप से बंद रहेगा। रेलवे प्रशासन ने बताया कि समपार संख्या 495/ बी पर डाउन लाइन एवं अप लाइन पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किए जाने के कारण इस समपार से होकर गुजरने वाला सड़क यातायात 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक पूर्णतः बंद रहेगा। इस दौरान समपार ( फाटक ) संख्या 495/बी से होकर किसी भी प्रकार का वाहन आवागमन नहीं हो सकेगा। रेलवे ने यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्ग के रूप में समपार संख्या 494/C ( पूंडरी मार्ग ) या अन्य उपलब्ध मार्गों का उपयोग करें।

## पुलिया व नाला अट जाने से गढ़ी अड्डे की सड़क पर फैल रहा गंदा पानी



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत फजलाबाद परमानंदपुर उर्फ मानियावाला के अंतर्गत आने वाले गढ़ी बस स्टैंड पर हाईवे किनारे बनी पीडब्ल्यूडी की पुलिया एवं बस स्टैंड रोड के किनारे ग्राम पंचायत द्वारा बना नाला कूड़ा करकट से बुरी तरह अट गया है और पानी की निकासी बंद हो गई है, जिससे गंदा पानी सड़क पर फैलता जा रहा है जिससे लोगों को आवागमन में भारी असुविधा हो रही है, वहीं सड़क किनारे स्थित दुकानों पर ग्राहकों एवं दुकानदारों को आना-जाना भी दूभर हो गया है। सड़क पर फैल रहे इस गंदे पानी से बदबू फैल रही है और बीमारियों की आशंका बढ़ गई है। पुलिया एवं नाला अट जाने से इस गंदे पानी के साथ-साथ अब कूड़ा-कचरा भी सड़क पर आकर फैलता जा रहा है, जिससे बस स्टैंडवासी एवं राहगीर परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद ग्राम प्रधान इस ओर गौर करने को तैयार नहीं है। इस संबंध में पंचायत सचिव इरफान मंसूरी का कहना है कि समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा।

### आवागमन में दिक्कत, लोगों में रोष

## तीन बीघा फसल जलकर राख

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम शाहपुर जमाल निवासी अवनीश कुमार ने राजकीय आदर्श जनता इंटर कॉलेज की भूमि ठेके पर ले रखी है। जिसे दल्लीवाला निवासी किसान मनोहर सिंह द्वारा बटाई पर बोया गया था। गुरुवार दोपहर अज्ञात कारणों से खेत में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। आग लगने से दोनों किसानों को लगभग 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान भूपराम सिंह, लेखराज, प्यारेलाल, पवन, अनुज, आकाश, रामवीर और शेर सिंह ने मिट्टी व पानी डालकर आग बुझाने में सहयोग किया। सूचना मिलने पर लेखपाल दीपेंद्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि नुकसान का आकलन कर शासन स्तर से मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## परीक्षाफल देखकर झूम उठे रूट्स स्कूल के बच्चे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नूरपुर रोड स्थित रूट्स इंटरनेशनल स्कूल, बिजनौर का सीबीएसई हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। रिजल्ट देखकर स्कूल के छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। स्कूल मैनेजमेंट भी गौरवान्वित हुआ।

### दक्षी भटनागर ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

स्कूल की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। दक्षी भटनागर ने सामाजिक विज्ञान और आई.टी.में 100 अंक, साथ ही अंग्रेजी में 99 अंक लेकर कुल 98.21 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियांशु कुमार आई.टी. में 100 अंकों के साथ 92.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहे। हुमेरा इरशाद ने 87.9 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षाफल देखकर बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अभिभावकों में भी खुशी की लहर दौड़ गई। प्रधानाचार्य दिनेश त्यागी एवं उपप्रधानाचार्या रुचि शर्मा ने सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को अच्छे परीक्षाफल के लिए बधाई दी तथा शानदार परीक्षाफल का श्रेय शिक्षक स्टाफ व होनहार विद्यार्थियों को दिया। विद्यालय के चेयरमैन शांतनु गुप्ता, प्रबंधक शिवानी गुप्ता एवं डायरेक्टर आदित्य गुप्ता, यश गुप्ता ने शानदार परीक्षाफल के लिए प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं को बधाई दी। प्रधानाचार्य दिनेश त्यागी ने बताया कि यह सब अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं विद्यार्थियों के अथक प्रयास से संभव हुआ। वह सभी बधाई के पात्र हैं।








## राशिफल

**विमल जैन**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शनिवार, 18 अप्रैल 2026**

मेष- आरोग्य सुख में कमी, मित्रों से गलतफहमियां, परिवार में अशांति, धन का अभाव, विशेष प्रयास के बावजूद आंशिक सफलता, सुख में कमी, आवागमन में प्रतिकूलता।

वृषभ- योजना साकार होने की ओर, विवादास्पद मसला हल होने को, मनोविनोद के अवसर, मांगलिक आयोजन सम्पादित, नवसम्पर्क का सुयोग, सामाजिक कृत्य।

मिथुन- बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, उल्लास का वातावरण, सुसंदेश की प्राप्ति, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि, मेल-मिलाप में रुचि, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

कर्क- निराशा का समापन, जनसम्पर्क का सुयोग, कुछेक मसला हल, नवीन योजना का श्रीगणेश, धनागम का मार्ग प्रशस्त, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।

सिंह- समस्याओं से चिन्ता, स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यवसाय में असफलता, आपसी सम्बन्धों में कटुता, दाम्पत्य जीवन में असन्तोष, जोखिम से नुकसान, हानि संभव।

कन्या- आर्थिक उन्नति, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, अधूरे या नवकार्य प्रगति की ओर, कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

तुला- ग्रहयोग बेहतर, भावी योजना पर मित्रों से विचार-विमर्श, व्यक्तित्व का विकास, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, यश-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, यात्रा का प्रसंग।

वृश्चिक-अभीष्ट कार्यों में सिद्धि, सुसंदेश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास साहसिक प्रयास प्रगति पर, विवाद की निवृत्ति, मनोविनोद के सुअवसर, लाभ भी।

धनु- पारिवारिक उलझनें, कार्यों में असफलता की स्थिति, लाभार्जन में व्यवधान, निजी इच्छा की पूर्ति में व्यवधान, अनावश्यक व्यय, यात्रा कष्टकर, विरोधियों से परेशानी।

मकर- समय संतोषजनक, स्वजनों से विचार विनिमय, नौकरी में प्रोन्नति, मान-सम्मान में वृद्धि, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त, पारिवारिक खुशी।

कुम्भ- कठिनाइयों का निवारण, स्वयं का निर्णय हितकर, मनोविनोद के सुअवसर, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, मन प्रसन्न।

मीन- ग्रहयोग बेहतर, मनोरथ पूर्ण, पुरुषार्थ से कार्य सिद्धि, समस्या का समाधान, सुख सुविधा में वृद्धि, सम्भावित यात्रा सुखद, स्वाध्याय की ओर रुझान।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# जब कालागढ़ में इन्दिरा गांधी को श्रमिकों ने चांदी से तौला था

## आज भी जिला कोषागार में रखी है 64 किलो चांदी



श्रमिकों को संबोधित करतीं तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी।

फाइल फोटो।

-नितिन दिनेश कौशिक

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** कालागढ़ क्षेत्र का वह ऐतिहासिक दिन आज भी लोगों की स्मृतियों में जीवंत है। जब देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के स्वागत में श्रमिकों ने अपनी मेहनत की कमाई समर्पित कर एक अनूठा उदाहरण पेश किया था।

रामगंगा परियोजना के अंतर्गत कालागढ़ बांध के निर्माण में जुटे हजारों श्रमिकों ने अपने एक दिन के वेतन के बराबर धनराशि एकत्र कर चांदी खरीदी और उसी चांदी से प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी को तौला गया था। वर्ष 1972 में हुए इस कार्यक्रम में करीब 20 हजार से अधिक मजदूरों की भागीदारी रही। यह केवल एक सम्मान समारोह नहीं था बल्कि श्रमिकों की एकजुटता, त्याग और देश के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक बन गया। दिन-रात कठिन परिस्थितियों में काम करने वाले इन मजदूरों ने अपनी मेहनताना का एक दिन देश की प्रधानमंत्री के सम्मान में अर्पित कर दिया था, जो उस दौर में एक अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायक पहल मानी गई। इस विशेष आयोजन में एकत्र की गई चांदी का कुल वजन 64 किलोग्राम रहा। उस समय चांदी की कीमत लगभग 400 रुपये प्रति किलोग्राम थी। लेकिन श्रमिकों के लिए यह राशि उनके परिश्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा थी। इसके बावजूद उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के अपने वेतन का योगदान दिया, जिससे यह सम्मान समारोह ऐतिहासिक बन गया। इन्दिरा गांधी के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल था। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। दूर-दराज के ग्रामों से भी बड़ी संख्या में लोग इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने पहुंचे। इस आयोजन की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि सम्मान स्वरूप मिली यह चांदी इंदिरा गांधी अपने साथ नहीं ले गईं। उन्होंने तत्कालीन जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि इसे जिला कोषागार में सुरक्षित रखवा दिया जाए, तभी से यह 64 किलोग्राम चांदी बिजनौर के कोषागार में डबल लॉक अलमारी में संरक्षित है, जिसका समय-समय पर प्रशासन द्वारा सत्यापन किया जाता है। आज के बाजार मूल्य के हिसाब में इस चांदी की कीमत लगभग 1 करोड़ 60 लाख रुपये होगी। रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने इसे निजी संपत्ति मानते हुए अपने पास लेने से इनकार कर दिया था। जानकारी के अनुसार अधिकारियों का कहना था कि यदि के परिवार का कोई सदस्य इस पर दावा करता है तो नियमानुसार इसे सौंपा जा सकता है। यह चांदी केवल धातु का संग्रह नहीं है, बल्कि उस युग की भावना, श्रमिकों के त्याग और देश के प्रति उनके समर्पण की अमूल्य धरोहर है। कालागढ़ और बिजनौर क्षेत्र के लोग आज भी इस घटना को गर्व के साथ याद करते हैं। जब हजारों श्रमिकों ने अपनी एक दिन की कमाई देश की प्रधानमंत्री के सम्मान में अर्पित कर इतिहास रच दिया था।





कालागढ़ स्थित हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर में बैठीं प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी।

# नैनीताल कॉन्वेंट स्कूल का रिजल्ट रहा शानदार

## गुरप्रीत कौर ने प्राप्त किये 97.4 प्रतिशत मार्क्स

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** बुधवार को सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम में नैनीताल कॉन्वेंट स्कूल अगवानपुर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यालय के मेधावी छात्रा गुरप्रीत कौर पुत्री अंग्रेज सिंह निवासी ग्राम रामनगर गोसाई ने 97.4 प्रतिशत, अंशिका गुप्ता पुत्री प्रदीप गुप्ता निवासी अफजलगढ़ ने 95 प्रतिशत, शगुनप्रीत कौर पुत्री जसवंत सिंह निवासी कादराबाद ने 94 प्रतिशत व ऋषभ शर्मा पुत्र राजन शर्मा निवासी कालागढ़ ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता का परिचय देते हुए क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक ठाकुर सूर्यकांत सिंह और प्रधानाचार्या श्रीमती रचना चौहान ने कक्षा 10वीं का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आने पर इस उपलब्धि को शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताते हुए सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।











# चारधाम की यात्रा की क्या-क्या हुई तैयारी, डीएम ने बैठक में अधिकारियों से ली जानकारी

**राजेश शर्मा**

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड की प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2026 की शुरुआत 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन हो रही है। जिले में यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी सविन बंसल ने ट्रांजिस्ट कैम्प ऋषिकेश में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने चारधाम यात्रा ट्रांजिस्ट कैंप में पंजीकरण कक्ष एवं समुचित परिसर का निरीक्षण करते हुए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी को पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि पंजीकरण हेतु 30 मोबाइल टीमें लगाई गई हैं, जिनमें 25 टीमें दिन में तथा 5 टीम रात्रि से प्रातः तड़के तक होटल, सराय धर्मशाला में ठहरे लोगों का पंजीकरण करेंगी।



धर्मशाला, आश्रम, सरायों में 7100 बैड चिन्हित है। जिलाधिकारी निर्देश दिये कि ट्रांजिट कैंप में इंटीग्रेटेड कंट्रोलरूम 24×7 सक्रिय किया जाए जिसमें सभी विभागों के कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जाए। पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग का अलग से कंट्रोलरूम रहेगा। डीएम ने जल संस्थान को निर्देश दिए कि जनपद क्षेत्रान्तर्गत यात्रा के सभी पड़ावों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया कि ऋषिकेश एवं हरबर्टपुर यात्रा पड़ाव के लिए 06 मेडिकल टीमें तैनात की गई हैं, जिनमें 03 टीमें ऋषिकेश तथा 03 टीमें हरबर्टपुर में तैनात रहेगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यात्रियों हेतु ट्रांजिस्ट कैम्प पर निःशुल्क चाय, नाश्ता एवं एवं खाने की व्यवस्था बनाई जाए। साथ ही इस कार्य में स्वैच्छिक रूप से कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूह एवं अन्य संस्थाओं की भी सहयोग प्राप्त कर लिया जाए।

## "सफाई कार्यों हेतु नगर निगम ऋषिकेश को मौके पर ही 50 लाख रुपये स्वीकृत

**जिलाधिकारी ने नगर निगम ऋषिकेश को निर्देशित किया कि समुचित स्थलों पर सफाई एवं फागिंग व्यवस्था रहे तथा इस हेतु पर्याप्त मात्रा में कार्मिक तैनात किए जाएं। सफाई व्यवस्था हेतु नगर निगम को जिला योजना से मौके पर 50 लाख धनराशि स्वीकृत करते हुए समुचित सफाई व्यवस्था नगर निगम को करने के निर्देश दिये। साथ ही ट्रांजिट कैंप सफाई कार्यों हेतु अनुबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए, कंपनी अपने कार्मिकों का वेतन भुगतान नहीं कर रही थी, जिसे सफाई कार्य बाधित हो रहा था। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, पुलिस अधीक्षक यातायात लोकजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जया बलूनी, नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश गोपालराम बिनवाल, उप जिलाधिकारी ऋषिकेश योगेश मेहर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान नमित रमोला, जिला पूर्ति अधिकारी के.के अग्रवाल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ओमपाल सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी आदि विभागों के आधिकारी उपस्थित रहे।**

# हेमकुंट साहिब ट्रेक मार्ग से बर्फ हटाने का काम शुरू



रवाना होने से पूर्व जवान और सेवादार।

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** भारतीय सेना की 418 माउंटेन ब्रिगेड की टुकड़ी व ट्रस्ट के सेवादारों ने अरदास के बाद हेमकुंट साहिब ट्रेक मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस संयुक्त टीम को श्री हेमकुंट साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के सीईओ सरदार सेवा सिंह द्वारा रवाना किया गया। लगभग एक सप्ताह पहले एक रेकी टीम ने इस मार्ग का सर्वेक्षण किया था। सर्वेक्षण के दौरान श्री हेमकुंट साहिब और अटलकोटी ग्लेशियर क्षेत्र में 8 फीट से अधिक बर्फ जमी हुई पाई गई। अब यह टीम घंगरिया में रहते हुए रोजाना ऊपर की ओर हेमकुंट साहिब की तरफ बढ़ते हुए भारी बर्फ को काटकर ट्रेक मार्ग को साफ करेगी। जवानों और सेवादारों के निरंतर प्रयासों से आशा की जा रही है कि अगले तीन सप्ताह के अंदर पूरा मार्ग साफ हो जाएगा और तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित बन जाएगा। इससे शनिवार, 23 मई 2026 को श्री हेमकुंट साहिब के पवित्र कपाट खोलने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा।

# चारधाम यात्रा का रखते हुए ध्यान, होटल-ढाबों पर चलाया जांच अभियान

**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** चारधाम यात्रा 2026 को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग हरिद्वार की टीम ने चिड़ियापुर में होटल, ढाबा और पेय पदार्थ की दुकानों व गोदामों में विशेष जांच अभियान चलाया। विभाग ने दुकानदारों को स्वच्छता, अनिवार्य फूड डिस्प्ले बोर्ड व लाइसेंस लगाने के लिए जागरूक किया। टीम ने बताया कोल्ड ड्रिंक, जीरा आदि पेय पदार्थ में मिल रही शिकायतों पर मिलावट रोकने के लिए पेय पदार्थों के सैंपल लिये गये। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने ढाबों का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने व होटल और ढाबों पर फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड (एफएसडीबी) और लाइसेंस अनिवार्य रूप से लगाने के लिए जागरूक किया। साथ ही लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। टीम को चेकिंग के दौरान चिड़ियापुर में एक ढाबे पर फूड लाइसेंस नहीं मिला जिसको तत्काल फूड लाइसेंस बनवाकर दो दिन में प्रदर्शित करने के लिए नोटिस दिया गया। हरिद्वार केवरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन ने बताया कि होटल, ढाबों पर फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड के साथ ही फूड लाइसेंस प्रदर्शित किया जाना अनिवार्य है। कोल्डड्रिंक, जीरा पेय पदार्थ के दो सैंपल प्रयोगशाला मे जांच हेतु लिए गये।




# भारतीय सेना में करियर विषय पर कार्यशाला आयोजित

## रक्षा सेवाओं में रोजगार संबंधी जानकारी दी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर तथा कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय सेना में कैरियर विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता गढ़वाल राइफल रेजिमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी तथा प्रशिक्षण कंपनी कमांडर कैप्टन निर्भय सिंह द्वारा भारतीय रक्षा सेवाओं में रोजगार के विभिन्न अवसर विषय पर छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला प्रारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. डी.एस. नेगी ने कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी का पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। कैरियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. ऋचा जैन ने छात्र छात्राओं को कार्यशाला का महत्व बताया। कैप्टन निर्भय सिंह ने अग्निपथ योजना की जानकारी देते हुए कहा कि सेना में जवानों के पदों पर भर्ती अब अग्निवीर के रूप में होती है। उनके द्वारा इस योजना के लिए पद, योग्यता, चयन प्रक्रिया, स्वास्थ्य सुरक्षा, वेतन, सेवा अवधि एवं अन्य सुविधाओं की छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने नेशनल डिफेंस एकेडमी, कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज, शॉर्ट सर्विस कमीशन पर भी जानकारी दी। ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए ध्येय केंद्रित मेहनत एवं लगन ही कुंजी है। राष्ट्रीय रक्षा एकेडमी न सिर्फ युवाओं को सुरक्षित भविष्य देती है बल्कि राष्ट्र को भी सुरक्षित करती है। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पैराशूट रेजिमेंट का 75वां स्थापना दिवस मनाया

## शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गौरव सैनिक पैराशूट रेजिमेंट स्पेशल फोर्स संगठन की ओर से रेजिमेंट का 75 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान वीर नारियों और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। घमंडपुर स्थित एक बारातघर में आयोजित समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि सुशीला देवी, पत्नी ब्रिगेडियर स्व. बी एस बिष्ट और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संगठन के सदस्य जिस तरह से सेवानिवृत्ति के बाद भी एकजुट होकर रेजिमेंट की परंपराओं को जीवित रखे हुए हैं, वह काबिले तारीफ है। पैराशूट रेजिमेंट भारतीय सेना की सबसे विशिष्ट इकाइयों में से एक है। बलिदान और शौर्य इसका नारा है। तत्पश्चात शहीद जगदीश सिह की पत्नी सुमित्रा देवी, शहीद हरेंद्र सिंह रावत के पिता, शहीद हरेंद्र सिंह राणा की पत्नी और कारगिल शहीद अनिल सिह के भाई गणेश सिह रावत का फूल माला एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में गजराज सिंह, चन्द्र शेखर चौहान, अनिल भारद्वाज, शिव सिंह, गोपाल सिंह नेगी, अनूप चन्द्र ध्यानी, डबल सिंह असवाल, विजय ध्यानी और कमलेश्वर प्रसाद धूलिया सहित रेजीमेंट के अन्य गौरव सैनिक मौजूद रहे।

# महापौर ने जनगणना के तहत अपना गणना-पत्र भरा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने अपने कार्यालय में जनगणना 2027 के पहले चरण आवास गणना के तहत स्व-गणना प्रपत्र भरा। इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल जनगणना प्रक्रिया को समर्थन देते हुए आम नागरिकों से भी इसमें भागीदारी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश की यह पहली डिजिटल जनगणना है। आज डिजिटल स्वरूप ने गणना प्रक्रिया को अत्यंत सरल, पारदर्शी, त्वरित और त्रुटिरहित बना दिया है। अब हर नागरिक स्वयं अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से आधिकारिक पोर्टल पर अपनी सही जानकारी दर्ज कर सकता है। जनगणना केवल आंकड़े एकत्र करने का काम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के भविष्य की नींव है। सटीक जनगणना के आधार पर ही केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाएं, संसाधनों का उचित वितरण तथा लाभार्थी चयन संभव हो पाएगा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

**।। शोक समाचार ।।**

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारे अनुज



**संदीप अग्रवाल (चंद्रपाल)**

का स्वर्गवास दिनांक 09 अप्रैल 2026 को हो गया है। जिनकी तेहरवीं व रस्म पगड़ी दिनांक 19 अप्रैल दिन रविवार को होनी निश्चित हुई है।

हवन ( निज निवास- GE-202, Imperial Greens, MBD ) 9:00 बजे प्रातः

ब्रह्मभोज......... 12:00 बजे दोपहर

रस्म पगड़ी........ 2:00 बजे दोपहर

स्थान Dosa 36, Second Floor, Near Mid Town Club, RamGanga Vihar, Moradabad

-: शोकाकुल परिवार :-

दीपा अग्रवाल (पत्नी)
दिव्यांशी अग्रवाल एवं हिमांशु अग्रवाल (पुत्री-दामाद)
गरिमा अग्रवाल एवं समर्थ तायल (पुत्री-दामाद)
रुद्रांश -अग्रवाल (धेवता), विनोद कुमार

कैप्टन. राजीव कुमार गुप्ता-अर्चना (भाई-भाभी)
चीफ इंजी. राममोहन कान्त-आशा कान्त (बहनोई-बहन)
एस.के. बबली- नीता अग्रवाल एडवोकेट (भाई-भाभी)

एवं समस्त अग्रवाल परिवार

संपर्क- 9310926747 ( हिमांशु अग्रवाल ), 9643571833 ( समर्थ तायल ) 9412215930 ( एस.के. बबली )


# काजी तारिक अली की बेटी उमना को मिला गोल्ड मेडल

## चीफ जस्टिस ने किया सम्मानित


फोटो किरतपुर

**किरतपुर ( चिंगारी )।** लोकदल के वरिष्ठ नेता काजी तारिक अली की पुत्री उमना फातिमा ने जामिया हमदर्द से एम.एस.सी ( बायोमेडिकल साइंस ) फाइनल ईयर में प्रथम स्थान प्राप्त कर परिवार, क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उमना फातिमा को भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत द्वारा गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर काजी तारिक अली ने जामिया हमदर्द का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान ने उनकी पुत्री को उत्कृष्ट शिक्षा और बेहतर अवसर प्रदान किए। साथ ही उन्होंने चीफ जस्टिस सूर्यकांत जी का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनकी पुत्री की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन, परिवार के संस्कार और समाज के आशीर्वाद का परिणाम है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है और लोगों द्वारा परिवार को लगातार बधाइयाँ दी जा रही हैं।

## बाबा साहब पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाने पर 14 अप्रैल को वादी द्वारा तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि ग्राम बिजौरी निवासी योगेश उर्फ मोनू उर्फ राधे कश्यप ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो प्रसारित कर डॉ. अंबेडकर के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की। सह-अभियुक्त निखिल कश्यप द्वारा उक्त वीडियो का समर्थन किया गया। तहरीर के आधार पर नजीबाबाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। गुरुवार को उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम में शामिल कांस्टेबल नीरज व सीताराम ने मुख्य आरोपी योगेश कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।


देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें




•रशिया •जॉर्जिया •कजाखस्तान •किर्गिज़स्तान •उज्बेकिस्तान •बांग्लादेश •नेपाल •चाईना •ईरान •इजिप्ट •यू.के. •कनाडा •यू.एस.ए. और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.

BDS, BAMS, BUMS, BHMS, BEMS

Abroad Admission & Counselling For India

•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

तुरंत आवश्यकता युवक-युवतियों की



भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी" के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताएँ:-

★यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-

1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स




BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928



